॥ श्री हरि शरणम् ॥

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 108

रायसेन

बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित


**खास बात**

*मानव जीवन में हर कार्य का उद्देश्य स्वार्थ नहीं परमार्थ होना चाहिए। तभी जीवन सफल माना जाएगा।*

**- श्रीराम शर्मा**

## संक्षिप्त समाचार

### पुष्य नक्षत्र में खिल उठे मार्केट, देर रात तक हुई खरीददारी



**भोपाल/इंदौर।** दीपावली त्यौहार के पहले आए पुष्य नक्षत्र की रौनक भोपाल और इंदौर के बाजारों में नजर आने लगी है। मंगलवार को सुबह से लेकर रात तक शहर के सराफा, क्लाथ मार्केट, शोरुमों में भीड़ देखने को मिली। सोने और चांदी के भाव तेज है, फिर भी लोगों ने पुष्य नक्षत्र में इसकी खरीददारी की। इस बार कम वजन के मंगलसूत्र, अंगूठी व मंगलसूत्रों की बिक्री ज्यादा हुई। इसके अलावा सोने-चांदी के सिक्के भी खूब खरीदे जा रहे है। दोनों शहरों के ज्वेलरी शोरुमों में भी खूब सजावट की गई और रात तक ग्राहकी होती रही। उधर आटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में भी अच्छा माहौल है, हालांकि वाहन और उपकरणों की खरीददारी धनतेरस पर होगी, लेकिन लोग अभी से बुकिंग व अन्य औपाचारिकताएं पूरी करने दुकानों पर आ रहे है। कार, दोपहिया वाहनों की बुकिंग सप्ताह भर से हो रही है। जीएसटी की स्लैब कम होने का फायदा कंपनियां ग्राहकों को भारी भरकम छूट के साथ दे रही है।

### मैथिली ठाकुर बीजेपी में हुई शामिल, लड़ सकती है चुनाव




**पटना।** बिहार चुनाव 2025 के मद्देनजर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। लोक गायिका मैथिली ठाकुर आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गई हैं। बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उनको बीजेपी की सदस्यता दिलाई। इसी के साथ यह भी साफ हो गया कि मैथिली ठाकुर अलीनगर या वारिसनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकती है। वहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए बिहार चुनाव को लेकर मैथिली ठाकुर ने अपनी स्थिति स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा कि उनका चुनाव लड़ना लक्ष्य नहीं है और वह पार्टी के निर्देशों के अनुसार ही काम करेंगी। मैथिली ने कहा, आपने मुझसे फोटो के बारे में सवाल पूछा, तो मैंने कहा कि मैं जो भी आदेश होगा, उसके अनुसार काम करूंगी। मैं वही करूंगी जो मुझसे कहा जाएगा।

### कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना माछिल सेक्टर के कमकाड़ी क्षेत्र में हुई। शाम करीब सात बजे एलओसी पर गश्त कर रहे जवानों ने कुछ हथियारबंद आतंकवादियों को पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर की ओर से भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करते देखा।



### अंतर्मना उवाच



***सज धज के जिस दिन मौत की शहजादी आयेगी.. ना सोना काम आयेगा ना चाँदी आयेगी..!***

*हम सब **यात्री** हैं, सब **यात्रा** पर है, सबको **अनंत की यात्रा** पर जाना है -*

- ***सफर लम्बा** है, सबका जाना भी **कनफर्म** है, जिसमें कोई **खर्चा** नहीं है।*
- *सीट भी **कनफर्म** है। यान या वायुयान सब **ऑन टाइम** है।*
- *हमारे **अच्छे बुरे कर्म** ही हमारा **लगेज** है।*
- ***मानवीयता** हमारा **पासपोर्ट** है।*
- ***प्रेम, मैत्री, सदभाव** हमारा **वीजा** है।*

***स्वर्ग** तक की इस यात्रा में जाने के लिए या **बिज़नेस क्लास** में बैठने के लिए - **जिंदगी** में जितना भी हो सके, **मन को सरल, हृदय को पवित्र और चित्त निर्मल रखें**। आप **सुखी यात्री बन सकते हैं।***

***आपकी यात्रा मंगलमय हो...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## सीएम के निर्देश के बाद 11 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर, एसडीओपी समेत 5 गिरफ्तार

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के हवाला लूट कांड में सीएम मोहन यादव के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई है। सीएम के निर्देश के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एसडीओपी पूजा पांडे समेत कुल 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर डकैती, गलत तरीके से रोकना, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 310(2), 126(2), 140(3) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर लखनवाड़ा थाने में दर्ज हुई है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। जो भी ऐसा का करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एमपी सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए और उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने की दिशा में काम कर रही है।





**सिवनी हवाला कांड**

कानून का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर होने जा रही कार्रवाई मिसाल बनेगी। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त मध्यप्रदेश और नागरिकों की सुरक्षा हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देशों के बाद इस प्रकरण में एसडीओपी पूजा पांडे समेत पांच पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, छह आरोपी पुलिसकर्मी अब भी फरार हैं जिनकी तलाश में टीमें लगातार छापामारी कर रही हैं।

### गिरफ्तार आरोपी

इस मामले में अब तक एसडीओपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, आरक्षक योगेंद्र, नीरज और जगदीश शामिल को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि प्रधान आरक्षक माखन, राजेश जंघेला, रविंद्र उइके, आरक्षक रितेश वर्मा, एसएएफ आरक्षक केदार और सुभाष सदाफल अब भी फरार हैं। वहीं करीब 5 अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। ये सभी बर्तन के कारोबार से जुड़े हुए हैं और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं जिले के बड़े अफसरों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पुलिस वालों पर आरोप है कि उन्होंने हवाला की रकम में गड़बड़ी (खुर्दबुर्द) की। एसडीओपी पूजा पांडेय को जानकारी मिली थी कि एक कार में करीब 3 करोड़ रुपये ले जाए जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ रात करीब डेढ़ बजे सीलादेही में नाका लगाया और कार को रोककर उसमें रखी रकम पुलिस की गाड़ियों में रख ली।

### कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध मुक्त वातावरण बनाना और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का मुख्य दायित्व है। अपने कर्तव्यों से हटकर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिवनी प्रकरण में जो भी दोषी पाए गए हैं, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी।

### कैबिनेट : किसानों, पेंशनरों और युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

## 4.50 लाख पेंशनरों को महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी, सोयाबीन के भावांतर को मिली मंजूरी

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के किसानों, पेंशनरों और युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने पहली बार कोदो-कुटकी का सरकारी उपार्जन करने, सोयाबीन किसानों के लिए भावांतर योजना लागू करने को स्वीकृति देने के साथ पेंशनरों को महंगाई राहत बढ़ाने का निर्णय लिया।

कैबिनेट ने राज्य के करीब 4.50 लाख शासकीय पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को देय मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया। राज्य के पेंशनरों को वर्तमान में देय मंहगाई राहत सातवें वेतनमान और छठवें वेतमान पर महंगाई राहत राशि बढ़ाने को मंजूरी दी है। सातवें वेतनमान की पेंशन पा रहे पेंशनर्स की पेंशन अब 53% से बढ़कर 55% हो जाएगी। वहीं, छठवे वेतनमान की पेंशन पा रहे पेंशनर्स की पेंशन अब 246 हो जाएगी। इसका लाभ 1 सितंबर 2025 से मिलेगा। इस बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर 170 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा। छत्तीसगढ़ शासन के पत्र 25 अगस्त 2025 के अनुक्रम में सहमति प्रदान किये जाने के लिए निर्णय लिया है।

खरीफ वर्ष 2025 के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में भावांतर योजना को स्वीकृति दी गई। यह योजना भारत सरकार की प्राइज डिफिसिट पेमेंट स्कीम पर आधारित होगी। किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक अधिसूचित मंडियों में सोयाबीन की बिक्री कर सकेंगे। राज्य की मंडियों में 14 दिनों की औसत कीमत के आधार पर मॉडल रेट तय किया जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य 5238 प्रति क्विंटल और विक्रय दर के अंतर की राशि पंजीकृत किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से सरकार जमा कराएगी।

कैबिनेट ने भारत सरकार की सिल्क समग्र-2 योजना को राज्यांश के साथ रेशम समृद्धि योजना के रूप में लागू करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। योजना के तहत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत की 75% और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 90% तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। योजना के क्रियान्वयन से मलबरी, वन्या और पोस्ट ककून क्षेत्रों में सतत् रोजगार और आय वृद्धि के अवसर उपलब्ध होंगे।

कैबिनेट ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय की RAMP योजना को प्रदेश में लागू करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। राज्य के लिए स्वीकृत कुल बजट 105.36 करोड़ होगा, जिसमें 31.60 करोड़ राज्यांश के रूप में व्यय किए जाएंगे। सरदार पटेल कोचिंग प्रशिक्षण योजना-2021 में नए प्रावधान जोड़े गए हैं। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 में पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के 5000 युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।



### सीएम आज ओरछा में करेंगे श्री रामराजा लोक का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को निवाड़ी जिले के ओरछा में श्री रामराजा लोक के द्वितीय चरण के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 257 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और 74 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्री रामराजा सरकार के दर्शन करेंगे और जुझार सिंह महल का भ्रमण कर श्री रामराजा लोक फेस-1 के निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्री रामराजा वृद्धाश्रम में भोजन करेंगे।

### कोदो-कुटकी के लिए श्री अन्न फेडरेशन के गठन की मंजूरी

कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों के कृषकों से पहली बार कोदो-कुटकी उपार्जन का किये जाने का निर्णय लिया, जिससे अधिक से अधिक जनजातीय कृषकों को फायदा होगा। इस के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रमुख कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों जबलपुर, कटनी, मण्डला, डिंडोरी, छिंदवाडा, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी एवं सिंगरौली के कृषकों से कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। साथ ही अन्य जिलों से मांग आने पर उन जिले के किसानों से भी उपार्जन किये जाने पर विचार किया जायेगा। श्रीअन्न उत्पादक जिलों के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा।

### भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एआई हब

## पीएम से सुंदर पिचाई बोले- गूगल निवेश करेगा 1.33 लाख करोड़

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप है। गूगल ने विशाखापत्तनम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। इसके लिए कंपनी अगले पांच वर्षों (2026-2030) तक में करीब 15 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह देश में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, आंध्र प्रदेश के गतिशील शहर विशाखापत्तनम में गूगल एआई हब का लॉन्च होना काफी खुशी की बात है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह बहुआयामी निवेश, जिसमें गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल है। इससे टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को एक शक्तिशाली बल मिलेगा। गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह निवेश सभी के लिए एआई सुनिश्चित करेगा, हमारे नागरिकों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करेगा, हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और इससे ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में भारत का स्थान सुरक्षित होगा।

पिचाई ने इससे पहले पोस्ट किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से बात करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई हब के लिए हमारी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा, यह हब गीगावाट-स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता, एक नए अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े पैमाने पर एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़ता है। इसके माध्यम से हम अपनी उद्योग-अग्रणी तकनीक को भारत में उद्यमों और उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाएंगे, एआई इनोवेशन को गति देंगे और देश भर में विकास को गति देंगे। गूगल एआई हब को अदाणी समूह की कंपनी अदाणीकॉनेक्स के साथ मिलकर बनाएगी।

### ।।कक्का जी कहिन।। डी.पी. गोयल

## तेजस्वी को सी.एम. बनाने का फैसला कांग्रेस को मंजूर नहीं

बिहार में सीटों/टिकटों के बटवारें को लेकर छोटे और बड़े दलों में टकराव शुरू हो गया है। भा.ज.पा. की जो सूची जारी होना थी उसे 15 अक्टूबर तक के लिये टाल दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ लालू यादव और तेजस्वी यादव ने दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की है और संभवत: आज राहुल गांधी से भेंट हो सकती है। कांग्रेस को सी.एम. के पद पर तेजस्वी यादव को घोषित करने का फार्मूला मंजूर नहीं है। कांग्रेस और आर.जे.डी. में कितनी-कितनी सीटें किसको मिलेगी यह तो भविष्य ही बताऐगा। किन्तु तेजस्वी यादव की इच्छा पर पानी फिर सकता है।

कांग्रेस बड़ी पार्टी है और राहुल गांधी के बिहार में दौरे के बाद उसके नेता भी मान रहे है कि इस बार कांग्रेस अच्छी सीटों से चुनाव में विजयी हो सकती है। इसलिये कांग्रेस में भी टिकटों और प्रत्याषी चयन को लेकर मंथन चल रहा है और मंथन कब पूरा होगा यह तो नामांकन के पष्चात् ही मालूम पड़ेगा।

जहां तक भा.ज.पा. का प्रष्न है इस बार भा.ज.पा. ने जनतादल यू. के साथ बराबरी का समझौता किया है। उससे भा.ज.पा. का टिकट चाहने वाले प्रत्याषियों में निराषा का वातावरण बन चुका है। इधर सीताराम मालवीय कम सीट दिये जाने से नाराज है। चिराग पासवान को 29 सीटें मिलने पर वह खुष है। वहीं भूपेन्द्र कुषवाहा अभी भी एक-दो सीटें और प्राप्त हो जाये इसके लिये भा.ज.पा. हाईकमान पर दबाव डाल रहे है। कुल मिलाकर नामांकन के एक दिन पहले 16 अक्टूबर तक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और उसके बाद नाराज पार्टी नेता दूसरे दलों का दामन थाम सकते है।

मैं यह सब लिख रहा था तभी कलि आ गये और बोले-सुनो वत्स, बिहार में टिकटों को लेकर जो घमाषान चल रहा है उसमें भा.ज.पा. को थोड़ा बहुत नुकसान हो सकता है क्यों कि केन्द्र में जनतादल यू. मोदी का समर्थन कर रही है और इसलिये हे वत्स जनतादल यू., भा.ज.पा. पर दबाव की राजनीति का खेल, खेल रही है। क्यों कि इस समय सब कुछ जायज है। इतना कहकर कलि अंतर्ध्यान हो गये।

(क्रमश:---)

## पटाखों के कारण बस बनी आग का गोला, 12 से अधिक लोगों के जिंदा जलने की आशंका

**जैसलमेर ■ एजेंसी**


दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जैसलमेर से जोधपुर आ रही बस में आग लग गई। इसमें करीब 10 से 12 यात्रियों के जिंदा जल जाने की आशंका है। सीएम भजनलाल जैसलमेर के लिए रवाना हो गए हैं। बस हादसे में घायलों को जोधपुर लाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। जानकारी के अनुसार 16 झुलसे यात्रियों कों राजकीय अस्पताल जोधपुर रेफर किया गया है। इनमें दो महिलाएं हैं।

घायलों को जोधपुर लाया गया है। देचू थाना पुलिस के नेतृत्व में एम्बुलेंस को हाइवे खाली करवाकर निकाला जा रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग 125 पर जगह-जगह पर पुलिस तैनात की गई है। बस में आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। बताया जा रहा है कि बस में पटाखों का परिवहन हो रहा था। इस वजह से आग ने कम समय में पूरी बस को अपने आगोश में ले लिया। लोगों को बाहर निकलने के मौका भी नहीं मिला। बस हादसे में घायल यात्रियों को जैसलमेर के अस्पताल में भी भर्ती किया गया है। यहां उनका इलाज शुरू हो गया है। घटना स्थल से यात्रियों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल तक लाया गया। जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत एवं चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। घायलों का श्री जवाहिर चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा तत्परता से उपचार किया जा रहा है।



## 'भारत एक महान देश और मेरा बहुत अच्छा मित्र' : ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मिस्र में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने मजबूत रिश्ते को दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और इसके शीर्ष पर उनका बहुत अच्छा मित्र है। ट्रंप जब यह बातें कह रहे थे, उस समय उनके पीछे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ खड़े थे। ट्रंप ने भारत के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके एक बेहद अच्छे दोस्त ने भारत में शानदार काम किया है। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, भारत एक महान देश है, जिसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा दोस्त है। उसने शानदार काम किया है।



### *87 करोड़ के 62 विकास कार्यों का लोकार्पण और 18 का भूमि-पूजन किया*

## 21 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी को अपनाते हुए भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है और शीघ्र ही दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी अंत्योदय के स्वप्न को साकार कर पं. दीनदयाल उपाध्याय के गरीब कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।*

*मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और राज्य सरकार गरीब से गरीब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को हर महीने वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रदेश की लाड़ली बहनें सरकार से मिलने वाली राशि से अपना घर संवार रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को देवास जिले के बागली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।*



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए 237 करोड़ लागत की नेमावर समूह जलप्रदाय योजना का लोकार्पण किया। साथ ही बागली में 34 करोड़ लागत के नवनिर्मित सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण कर बच्चों को बेहतर भविष्य की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं को रोजगार सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय देवास जॉब पोर्टल का शुभारंभ किया एवं युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किए।*

### *एमपी पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों को पीछे छोड़ेगा*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास दो देवियों का जिला है। कृषि की दृष्टि से भविष्य में यह पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों को पीछे छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि देवास के लिए विकास का नया द्वार खुल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद लगभग 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाले जा चुके हैं और भर्ती प्रक्रिया जारी है।*

## दीपावली से पहले दो स्थानों पर कार्रवाई

# खाद्य विभाग ने मावा, घी जब्त किया, सैंपल जांच के लिए भेजे



उज्जैन ■ निसं

दीपावली पर्व के मद्देनजर उज्जैन के खाद्य एवं औषधि विभाग ने शहर में शुद्ध खाद्य सामग्री सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार सुबह से कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए लगभग 200 किलोग्राम मावा और 30 लीटर घी जब्त किया है। हालांकि, एक व्यापारी के सामने आने के बाद 75 किलोग्राम मावा और 30 लीटर घी के नमूने लेकर उसे वापस सौंप दिया गया, जबकि लगभग एक क्विंटल मावा लावारिस मिला।

**ई-रिक्शा से जब्त किया मावा:** खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को आगर रोड स्थित गाड़ी अड्डा चौराहे पर एक ई-रिक्शा से 75 किलोग्राम मावा और दो कंटेनरों में रखा 30 लीटर घी जब्त किया। खाद्य अधिकारी बसंतदत्त शर्मा ने बताया कि यह मावा और घी जय श्री महाकाल डेयरी, ऐरवास गांव से आया था, जिसे लेने के लिए संदीप आंजना नामक व्यक्ति उपस्थित हुआ। विभाग की टीम ने मावा और घी के नमूने लेने के बाद संबंधित सामग्री संदीप आंजना को सौंप दी। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चार टोकरियों में रखा लगभग 100 किलोग्राम मावा

इसी तरह, दूसरी कार्रवाई देवास गेट बस स्टैंड पर की गई, जहां बेगम बस के माध्यम से चार टोकरियों में रखा लगभग 100 किलोग्राम मावा पकड़ा गया। इस मावे के परिवहन के लिए न तो कोई बिल था और न ही कोई बिल्टी। यह किसका मावा था और किसे भेजा जा रहा था, इसकी जानकारी भी किसी ने नहीं दी।

यह मावा जब्त कर लिया गया है। यदि कोई भी व्यापारी या अन्य व्यक्ति इसे लेने नहीं आता है, तो नमूने लेने के बाद मावा नष्ट कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग की टीम पहले भी लगभग 50 किलोग्राम मावा रोड रोलर से नष्ट कर चुकी है।

## आगरा से लाया गया 400 किलो मावा जब्त, नष्ट किया

# छापामार कार्रवाई, मावा में मिले कीड़े दही में मक्खियां, दुकान का खाद्य लाइसेंस निरस्त

जबलपुर ■ निसं

जिला प्रशासन के गरुड़ दल एवं रेलवे ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जबलपुर रेलवे स्टेशन से 400 किलो मावा जब्त किया है। जिसे अमानक पाए जाने पर नष्ट किया गया। वहीं सोमवार को तिलवारा स्थित सांई स्?वीट्स से 50 किलोग्राम मावा और 30 किलोग्राम मिठाई पकड़ी गई है। जिसमें कीड़े पड़ गए थे। इसे नष्ट करते हुए दुकान का खाद्य पंजीयन निरस्त किया है। कंदरखेड़ा स्थित केशरवानी डेयरी में मक्खियां पाई जाने पर 165 किलो दही नष्ट कराया गया।

दीपावली के मद्देनजर जिला प्रशासन मिलावटी खाद्य सामग्री को लेकर अलर्ट मोड पर है। रांझी तहसीलदार जानकी उइके ने बताया कि यह मावा आगरा केंट से दीवान सिंह ने सिहोरा के खोवा व्यापारी अतुल गुप्ता को भेजा था। जीआरपी ने इसकी सूचना दी। कोई मावा उठाने आता, उससे पहले ही सात बोरियों में भरा यह मावा जब्त कर लिया गया।

गरुड़ दल में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी सारिका दीक्षित ने प्रत्येक बोरी से अलग-अलग नमूने लिए और प्रारंभिक परीक्षण में सभी बारियों के मावा में स्टार्च की मात्रा अधिक पाई गई। इस मावा को नगर निगम के दल ने नष्ट किया है।



### रेलवे ने दी मावा आने की जानकारी

त्योहार को देखते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मिलावटी खाद्य सामग्री को लेकर अभियान शुरू किया है। इसके लिए गरुड़ दलों का गठन किया गया है। वहीं रेलवे और जीआरपी के अधिकारियों को पहले से आगाह कर दिया गया था। उनसे कहा गया था कि बाहर से आने वाली खाद्य सामग्री पर नजर रखें और जिला प्रशासन को इसकी तत्काल सूचना दें। मावा जब्त करने की इस कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी, रेलवे की पार्सल सेवा के अधिकारी शामिल थे।

**मालिक के सामने नष्ट किया मावा:** उन्होंने बताया कि स्टेशन से जब्त मावा से सेंपल लिए गए हैं, जिसे गहन जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। मावा को नष्ट करते समय उसके मालिक अतुल गुप्ता भी वहां मौजूद थे।

**बसों की भी की गई जांच:** खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गरुड़ दलों ने दीनदयाल चौक स्थित आईएसबीटी एवं पनागर बस स्टैंड पर भी बसों की जांच की, लेकिन बसों में मावा या अन्य खाद्य सामग्री नहीं मिली।

### डेयरियों से लिए नमूने

जिला प्रशासन ने सोमवार को भी कार्रवाई की। इस दौरान मझौली स्थित भूरेलाल नेमा स्वीट्स एवं श्याम स्वीट्स से मावा, अम्बे बीकानेर से बर्फी, कटंगी स्थित हेमंत स्वीट्स से मावा और मावे की बर्फी, अभिनंदन नमकीन से मावा, वीरेन्द्र स्वीट्स से रसगुल्ला और कलाकंद, कंदराखेड़ा स्थित मंटा डेयरी से मावा व पनीर और केशरवानी डेयरी से मावा और घी के नमूने लिए गए। तिलवारा में ही रामजी स्वीट्स से मिल्क केक और बीकानेर मिष्ठान भंडार से कलाकंद के नमूने लिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओपी की पुलिस टीम ने तालकेसरी से पकड़े छः जुआड़ी , पांच का जेल वारेंट


**माखननगर।** सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तालकेसरी के एक घर के आंगन में चल रहे जुआँ फड़ पर घेराबंदी कर छापा मारा और छै- लोगों को जुआँ खेलते पकड़ा जिनके पास से 2500/ रू. नगद तांस के 52 पत्ते व एक दरी व बाईक , मोबाइल जप्त किये ।यह कार्रवाई रविवार सोमवार की दरम्यानी रात्री को की गई ।एसडीओपी संजू चौहान के साथ उनि.सुरेश चौहान, साउनि.गोपाल पाल , आर.अतुल शर्मा ,मनोज जयसवाल, अंकुश कौरव, राहुल पंद्राम,सेनिक अशोक ब्रम्हवंशी आदि टीम में सामिल थे ।जिन्होंने कमलसिंह चौहान तालकेसरी, उमेश चौहान सिरबाड़, आकाश राजपूत तालकेसरी, सुरेन्द्र मेहरा गाजनपुर, रामस्वरूप विश्वकर्मा सिरबाड़ व दीपक कहार तालकेसरी को पकड़ा और प्राप्त जानकारी के मुताबिक कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया जहाँ से उमेश चौहान को जमानत मिली बांकी का जेल वारेंट काट दिया ।हालांकि एक जुआँ फड़ पर कार्रवाई से बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है सूत्रों के मुताबिक माखननगर नगर क्षेत्र के अन्य तीन स्थानों पर भी बड़े रूप में जुआँ फड़ चल रहे हैं ।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डे ने जिले की सुहागपुर, पिपरिया विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**माखननगर ।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डे ने रविवार को सुहागपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढिकवाडा , माछा व पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पचलावरा में कांग्रेस जनों से मुलाकात की ।सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्राम शोभापुर के कांग्रेस नेता गोविंद साहू के निवास पर पहुंचे वहीं शोभापुर में सुधीर पटेल जी के साथियों द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष जी का जोरदार स्वागत किया गया ।साथ ही गुड्डू शुक्ला ग्राम महुआखेड़ा ,मंजेश पटेल ढिकवाडा, संजू ठाकुर बृज किशोर ठाकुर ग्राम माछा के बाद कमलेश चौधरी द्वारा आयोजित भजन प्रतियोगिता मैं ग्राम पचलावरा में शामिल हुए ।

## बिग बॉस फेम तान्या मित्तल के खिलाफ शिकायत

# इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने धोखाधड़ी और झूठ बोलने का लगाया आरोप



ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर की रहने वाली बिग बॉस फेम तान्या मित्तल के खिलाफ शिकायत की गई है। यह शिकायत मुंबई के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने ग्वालियर के एसएसपी कार्यालय में की है। फैजान अंसारी ने तान्या मित्तल पर लोगों को पैसों के लिए धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तान्या ने बिग बॉस शो में अपने परिवार और व्यक्तिगत जिंदगी से जुड़े सैकड़ों झूठ बोले हैं।

फैजान ने अपनी लिखित शिकायत में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बलराज को तान्या का बॉयफ्रेंड बताया है। उनका कहना है कि तान्या ने बलराज को भी झूठे मामलों में फंसाकर जेल भिजवाया है। फैजान ने शिकायत के माध्यम से तान्या मित्तल पर एफआईआर दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। गौरतलब है कि फैजान अंसारी इससे पहले भी कई प्रसिद्ध हस्तियों जैसे पूनम पांडे, राखी सावंत, उर्फी जावेद, बिग बॉस विजेता एल्विश यादव और आशिफ मिरियाज के खिलाफ शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। पूनम पांडे के कैंसर से जुड़े झूठे पोस्ट पर भी कानपुर में फैजान ने ही पुलिस में शिकायत की थी।

# कलेक्टर गुप्ता ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी

खंडवा ■ निसं

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, एसडीएम खंडवा ऋषि कुमार सिंघई, डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में खंडवा तहसील के ग्राम सेमल्या निवासी रामेश्वर चेतराम शिवनारायण, अशोक बृजलाल और दुलिचंद ने अपनी कृषि भूमि में जल भराव के कारण फसल खराब होने से फसल क्षति सम्बंधी मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने तहसीलदार खंडवा को प्रकरण की जांच कर पात्रता अनुसार राहत राशि दिलाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में खंडवा जनपद के रिटायर्ड विकासखंड अधिकारी प्रताप सिंह मुवेल ने कलेक्टर गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें पेंशन ग्रेच्युटी बीमा एवं अन्य राशि का भुगतान नहीं मिला है, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समय सीमा में आवेदक को पात्रता अनुसार भुगतान कराने के निर्देश दिए। ग्राम भकराड़ा के राधेश्याम पंवार ने कलेक्टर गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि गांव में पंचायत सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की जा रही है तथा पंचायत की नियमित रूप से बैठक आयोजित नहीं की जाती है, जिस पर उन्होंने जनपद खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच करने तथा दोषी पाये जाने पर पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुनासा तहसील के ग्राम बोराड़ी माल निवासी राजकुमार यादव ने कलेक्टर गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसने राधिका सीड्स एंड पेस्टिसाइड, ग्राम अटूटखास तहसील पुनासा से कीटनाशक क्रय किया था अपनी फसल में प्रयोग किया था, जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई, आवेदक ने विक्रेता व निर्माता कंपनी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए हर्जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने उप संचालक कृषि को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में छैगांवमाखन तहसील के ग्राम कोंडावद निवासी सुंदरबाई एवं आशाराम पटेल ने सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण खराब होने के कारण मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने तहसीलदार छैगांवमाखन को मामले की जांच कर पीड़ित किसान को पात्रता अनुसार राहत दिलाने के निर्देश दिए।

# फिल्म डायरेक्टर और एक्टर महेश मांजरेकर महाकाल मंदिर पहुंचे

## हरसिद्धि काल भैरव मंदिर में सपत्नीक लिया आशीर्वाद

उज्जैन ■ निसं

जाने माने फिल्म डायरेक्टर और एक्टर महेश मांजरेकर पत्नी मेधा के साथ मंगलवार को उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने शहर के कई मंदिरों में पहुंचकर दर्शन किए। महेश मांजरेकर इंदौर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद करीब 12 बजे उज्जैन के काल भैरव मंदिर पहुंचे। यहां गर्भगृह में पूजन के बाद गढ़कालिका और फिर महाकाल मंदिर पहुंचे। महाकाल मंदिर में महेश मांजरेकर ने नंदी हॉल और फिर देहरी से पूजन कर भगवान को महाकाल को जल अर्पित किया। इस दौरान दोनों पति पत्नी ने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी कही।



महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद दोनों ने 51 शक्ति पीठों में से एक माता हरसिद्धि के दर्शन का लाभ लिया। हालांकि ये पहला मौका नहीं है जब महेश मांजरेकर उज्जैन में दर्शनों के लिए आए हो। इससे पहले भी वे कई बार दर्शन के लिए महाकाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन कर चुके है।

## सागर में पिकअप की टक्कर में युवक की मौत

# बीना मार्ग पर मंडी के पास की घटना, विरोध में परिजन ने किया चक्काजाम



सागर ■ निसं

सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में ग्राम पथरिया हाट के पास पिकअप ने युवक को टक्कर मार दी। घटना में आई चोटों के कारण इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार को सौंप दिया।

परिजन ने घटना के विरोध में बीना मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंची और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम सुरेंद्र अहिरवार उम्र 23 साल निवासी पथरिया हाट मजदूर कर वापस अपने घर लौट रहा था। तभी गांव के पास पिकअप वाहन ने सुरेंद्र को टक्कर मार दी। घटना में सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हुआ। परिवार के लोगों ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई।

# वर्धमान फैब्रिक्स की सीएसआर पहल के तहत देवगांव प्राथमिक विद्यालय में ‘वर्धमान ब्लॉक’ का लोकार्पण

बुधनी ■ निसं

बुधनी वर्धमान फैब्रिक्स बुदनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) पहल के तहत शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव में एक नए स्कूल भवन ‘वर्धमान ब्लॉक’ का लोकार्पण वर्धमान फैब्रिक्स के प्लांट हेड हर्ष मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। यह नया भवन ‘वर्धमान स्कूल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट’ के अंतर्गत निर्मित किया गया है। भवन में दो कक्षाएँ और दो शौचालय बनाए गए हैं, जिनमें 70 से अधिक छात्राएँ अध्ययनरत हैं। इस निर्माण की कुल लागत लगभग 18 लाख रुपये रही। इससे पहले भी वर्धमान समूह द्वारा विद्यालय को फर्नीचर (बेंच, डेस्क, कुर्सियाँ) उपलब्ध कराई गई थीं तथा विद्यालय की बाउंड्री वॉल भी कंपनी द्वारा बनाई गई है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम में देवगांव पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्री हितेश पटेल ने विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने वर्धमान समूह की सराहना करते हुए कहा कि



वर्धमान ग्रुप हमारे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में वर्धमान परिवार से सीएसआर समिति के सदस्य दिनेश के.टी चीफ मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन देवेंद्र बंसल (कमर्शियल हेड), दीपक कुमार राणा (एचआर/आईआर हेड) एवं संदीप चतुर्वेदी (सिविल हेड) विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्माण कार्य का सुपरविजन स्टेट ऑफिसर नितिन वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना सराठे ने वर्धमान परिवार का इस सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भवन से बच्चों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा।

## हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति याचिका खारिज की

# कोर्ट ने कहा- परिवार आर्थिक संकट में नहीं, मिले हैं सेवानिवृत्ति लाभ और पेंशन

ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर हाईकोर्ट ने पंजाब एंड सिंध बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने से इनकार करने के बैंक के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मृतक कर्मचारी के परिवार को सेवानिवृत्ति लाभ और पेंशन मिली है, इसलिए परिवार आर्थिक संकट में नहीं है।




याचिकाकर्ता मनोज रजक के पिता भगवान दास रजक पंजाब एंड सिंध बैंक की भिंड शाखा में दफ्तरी-कम-प्यून के पद पर कार्यरत थे। उनका निधन 26 दिसंबर 2017 को हुआ था। मनोज रजक ने 12 मार्च 2021 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था।

हालांकि, बैंक की समिति ने यह आवेदन खारिज कर दिया, क्योंकि परिवार को मृतक कर्मचारी के सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में पर्याप्त राशि मिल चुकी थी और वे आर्थिक संकट में नहीं थे। बैंक ने 9 अक्टूबर 2021 और 31 जनवरी 2023 को अपने फैसले से याचिकाकर्ता को अवगत कराया था।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुकंपा नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य परिवार को अचानक आए आर्थिक संकट से उबारना है, न कि इसे नियमित नियुक्ति का स्रोत बनाना। न्यायमूर्ति आशीष श्रोती की खंडपीठ ने कहा कि परिवार की वित्तीय स्थिति का आकलन करते समय सेवानिवृत्ति लाभ एक आवश्यक और महत्वपूर्ण कारक होता है। चूंकि परिवार सेवानिवृत्ति और पेंशन का लाभ ले चुका है, इसलिए उन्हें आर्थिक संकट में नहीं माना जा सकता।

# सीहोर नपा को स्वच्छता में प्रथम पुरस्कार मिला

सीहोर ■ निसं

सीहोर नगर पालिका परिषद को राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में प्रथम स्थान मिला है। मंगलवार को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। सीहोर को यह पुरस्कार नगर पालिकाओं की श्रेणी में मिला है। सीहोर को स्वच्छता में समग्र रूप से छठा स्थान प्राप्त हुआ है।

यह सम्मान सीहोर नगर पालिका परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित इस समारोह में सीहोर के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। सीहोर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि यह सम्मान सीहोर की जनता, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने सभी के योगदान की सराहना की। इस समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, स्वच्छता सभापति मुकेश मेवाड़ा और स्वच्छता अधिकारी अमित यादव उपस्थित रहे।

# कनिका जैन ने जयपुर एमएनआईटी में किया टॉप, हासिल किया गोल्ड मेडल

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव एवं विधायक सचिन यादव ने दी शुभकामनाएं

खरगोन ■ निसं

कसरावद की होनहार बेटी कनिका जैन ने अपने परिवार, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कनिका ने मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी), जयपुर से एम.टेक. (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किया है।

कनिका जैन, कसरावद के



प्रसिद्ध मेडिकल व्यवसायी आशीष पारसमल जैन की सुपुत्री हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने आज जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, बोरावां में कनिका जैन एवं उनके माता-पिता एवं दादी श्रीमती प्रेमलता जैन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने बधाई देते हुए कहा कि - कनिका जैसी प्रतिभाशाली बेटियाँ आज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने न केवल अपने परिवार का बल्कि सम्पूर्ण कसरावद क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बेटियाँ जब शिक्षा और परिश्रम से ऊँचाइयाँ छूती हैं, तो समाज में प्रगतिशील सोच को बल मिलता है।

इस अवसर पर जेआयटी प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन डॉ. सुनील सुगंधी, फॉर्मेसी प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई , डायरेक्टर एमबीए डॉ. निशान्त दुबे, प्रियदर्शिनी स्कूल प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा, आई.टी.आई. प्राचार्य प्रो. आशीष सैदानकर, सहित शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कनिका की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विधायक सचिन यादव का संदेश

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने कनिका की इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कसरावद की माटी प्रतिभा से समृद्ध है। कनिका जैन ने यह सिद्ध किया है कि लगन, परिश्रम और संकल्प के बल पर कोई भी शिखर हासिल किया जा सकता है। मैं कनिका, उनके माता-पिता और परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। मुझे विश्वास है कि वे आगे भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।

## बच्चों में तेजी से बढ़ रही सर्दी-खांसी और बुखार

# 25 प्रतिशत माता-पिता बगैर डॉक्टर की सलाह दे रहे दवाएं

भोपाल ■ निसं

मौसम बदलते ही राजधानी समेत प्रदेशभर में बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार के मामलों में इजाफा हुआ है। राजधानी भोपाल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश भार्गव ने बताया कि इन दिनों अस्पतालों में वायरल इंफेक्शन से पीड़ित बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस बीच एक चिंताजनक बात यह है कि लगभग 25 प्रतिशत माता-पिता बिना डॉक्टर की सलाह के ही बच्चों को दवाएं दे रहे हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



डॉ. भार्गव ने बताया कि सर्दी-खांसी की शिकायत में कई लोग मेडिकल स्टोर से मनमाने तरीके से कफ सिरप खरीदकर बच्चों को दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की कफ सिरप बिना डॉक्टर की सलाह के न दी जाए। ऐसा करने से बच्चों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना एक बड़ी सीख है। हालांकि, यह जरूरी नहीं कि हर कफ सिरप नुकसानदेह हो, लेकिन एक ही कॉम्बिनेशन की कई दवाएं बाजार में मौजूद हैं, और सावधानी जरूरी है। डॉ. भार्गव ने सलाह दी कि अगर बच्चे को तेज बुखार है और डॉक्टर से तुरंत संपर्क संभव नहीं है, तो पैरासिटामोल सिरप दिया जा सकता है। यह अपेक्षाकृत सुरक्षित है, लेकिन अगर बुखार ज्यादा बढ़ जाए या लंबे समय तक बना रहे, तो डॉक्टर को दिखाना बेहद जरूरी है।

**बाहर के पैक्ड फूड से बचें:** बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए डॉ. भार्गव ने माता-पिता से अपील की कि वे बाहर के पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड से बच्चों को दूर रखें।

## सरकारी कर्मचारियों पर 2 जगह काम करने का आरोप

# निजी नर्सिंग कॉलेजों के फैकल्टी की शिकायत पहुंची एनएचएम

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश के निजी नर्सिंग कॉलेजों में फैकल्टी की नियुक्तियों को लेकर एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) में शिकायत पहुंची है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य नियमित कर्मचारी अपने सरकारी पद पर कार्यरत होने के बावजूद निजी नर्सिंग कॉलेजों में कागजों पर फैकल्टी के रूप में दर्ज हैं। इस मामले को लेकर एनएसयूआई ने एनएचएम की मिशन संचालक को औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा और तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

**कागजों पर फैकल्टी, हकीकत में सरकारी कर्मचारी:** एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि सरकारी वेतन पर कार्यरत एनएचएम कर्मचारी निजी नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी सूची में शामिल हैं, जिससे कॉलेजों को फर्जी तरीके से मान्यता दिलवाई जा रही है। यह न सिर्फ नर्सिंग काउंसिल के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि शासकीय सेवा आचरण नियमों के तहत दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह घोटाला संगठित तरीके से किया जा रहा है, जिसमें सरकारी कर्मचारी और निजी संस्थान दोनों की मिलीभगत है।




### न्यायालय और सीबीआई में ले जाएंगे मामला

जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने इस घोटाले को व्यवस्थित भ्रष्टाचार करार देते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित फर्जीवाड़ा है, जिसमें सरकारी पदों पर बैठे लोग और निजी कॉलेज संचालक नियमों को ताक पर रखकर सरकारी धन और शैक्षिक व्यवस्था दोनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई दस्तावेज़ों के साथ माननीय न्यायालय और सीबीआई जांच की मांग करेगा।

**शासन से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग:** एनएसयूआई का कहना है कि इस प्रकार की दोहरी नियुक्ति और फर्जी फैकल्टी दिखाने की प्रवृत्ति से प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता दोनों गंभीर संकट में हैं। संगठन ने राज्य सरकार से मांग की है कि ऐसे मामलों में उदाहरण स्वरूप कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी इस प्रकार की धोखाधड़ी करने का साहस न कर सके।

## संक्षिप्त समाचार



### महापौर मालती राय ने की महापौर हेल्प लाईन की समीक्षा

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने ''महापौर हेल्प लाईन'' की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि महापौर हेल्प लाईन पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। महापौर श्रीमती राय ने समीक्षा के दौरान हेल्प लाईन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति सहित लंबित शिकायतों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्त शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित भी किया। महापौर श्रीमती राय ने कई शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर बात कर फीडबैक लिया। इस दौरान महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर में वर्तमान तक कुल 1538 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 762 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण कर दिया गया है और शेष के निराकरण हेतु कार्यवाही त्वरित गति से की जा रही है। महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में महापौर हेल्प लाईन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने हेल्प लाईन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर उनके विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों के साथ ही हेल्प लाईन पर प्राप्त होने वाली अन्य शिकायतों को भी शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्रीमती राय ने कई शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी शिकायतों के निराकरण के संबंध में फीडबैक भी लिया।

### 16 साल के नाबालिग द्वारा फांसी लगाने के कारणों की जॉच जारी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना इलाके में स्थित करोद के शिवनगर में 16 साल के नाबालिग द्वारा फांसी लगाने के सही कारणो का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। बताया जा रहा किशोर हादसे से दो दिन पहले से स्कूल नही जा रहा था, और अधिकतर घर पर ही गुमसुम रहता था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी कन्हैयालाल अहिरवार का परिवार मूलत विदिशा जिले का रहने वाला है। यहॉ रहते हुए वह एक दुकान पर काम करते है, वहीं उनकी पत्नि घर पर सिलाई का काम करती है। उनके चार बेटो में सबसे छोटा बेटा 16 वर्षीय अरुण अहिरवार स्कूली छात्र था। रविवार दोपहर घर पर अरुण और उसकी मां अकेले थे। माँ नीचे के कमरे पर सिलाई का काम कर रही थी। इस दौरान उसने बेटे अरुण को आवाज लगाई, काफी देर तक आवाज देने पर भी जब अरुण उसके पास नहीं आया और न ही कोई जवाब दिया तब मां ने सीढियो से ऊपर जाकर देखा तो से बेटे का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। आसपास के लोगो की मदद से मॉ ने उसे फौरन ही इलाज के लिये अस्पताल पहुचांया। जहां डॉक्टर ने उसे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौपं दिया। जॉच टीम का कहना है की हादसे दो दिन पहले से किशोर स्कूल नहीं जा रहा था, और घर पर ही काफी गुमसुम रह रहा था।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले

# कांग्रेस की सरकारों ने नहीं की इंफ्रास्ट्रक्चर, अर्थव्यवस्था और एक्सपोर्ट की चिंता

- आत्मनिर्भर भारत से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प
- मध्यप्रदेश को तेजी से विकास के रास्ते पर ले जा रही भाजपा की डबल इंजन सरकार
- आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश, आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ
- डबल इंजन सरकारों से साकार होगा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का संकल्प

भोपाल ■ निसं

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, सांसद व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अरुण सिंह ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इस बात पर चिंतन करते हैं कि देश कैसे आत्मनिर्भर बने। उनका कहना है कि हम आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। प्रधानमंत्री के आह्वान पर ही स्वदेशी का यह अभियान देश भर में चलाया जा रहा है और पार्टी के कार्यकर्ता समाज के साथ मिलकर इस अभियान को एक जनआंदोलन बनाने के लिए काम कर रहे हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश ही आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ है। डबल इंजन सरकारों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का संकल्प साकार होगा। घर-घर स्वदेशी का मंत्र हमारी शक्ति के रूप में समूचे विश्व के सामने प्रदर्शित हो, इसी लक्ष्य को लेकर देश-प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार-वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।




### प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों का दिखने लगा असर

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके परिणाम दिखाई देने लगे हैं। भारत जापान को पीछे छोड़ कर दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और बहुत जल्द जर्मनी को पीछे छोड़कर हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। प्रधानमंत्री ने मेक फॉर द वर्ल्ड का आह्वान किया, उसी का परिणाम है कि आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता हैं। रक्षा क्षेत्र की अगर बात करें तो गोला-बारूद से लेकर बुलेटप्रूफ जैकेट तक हर चीज विदेशों से आती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने तय किया कि हम रक्षा उत्पादन देश में ही करेंगे। इसका परिणाम है कि आज हम राइफल बना रहे हैं, गोला-बारूद बना रहे हैं, बुलेटप्रूफ जैकेट बना रहे हैं और आकाश तथा ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी बना रहे हैं।

### विकास के रास्ते पर दौड़ रहा मध्यप्रदेश

राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन वाली सरकार मध्यप्रदेश को ते से विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही हैं। प्रदेश में नर्मदा विकास पथ, मालवा विकास, विंध्य विकास पथ, बुदेलखंड विकास पथ, चंबल एक्सप्रेस वे, विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा एक्सप्रेस जैसी परियोजनाएं लागू की गई हैं। ओंकारेश्वर में दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट लग रहा है। इंदौर-भोपाल में मेट्रो परियोजना, इंदौर में 35 मंजिला स्टार्टअप पार्क बनाया जा रहा है। धार में मेगा टेक्सटाइल पार्क बन रहा है, जहां से कपास और रेशम का एक्सपोर्ट होगा। 44600 करोड़ रुपये लागत वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है।

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में सेमिनार




भोपाल ■ निसं

एल एन सी टी युनिवर्सिटी में 14 अक्टूबर 2025 को प्रथम इंट्रा मूट कोर्ट कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज, एल एन सी टी युनिवर्सिटी,) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जज के रूप में सौम्या खरे (फैकल्टी ऑफ़ लॉ, जागरण लेकसिटी युनिवर्सिटी), मनीष यादव (ऐडवोकेट, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन कोर्ट, भोपाल) उपस्थित रहे तथा आमंत्रित अतिथि प्रो. (डॉ.) रमेश शुक्ला (डिप्टी रजिस्ट्रार, एल एन सी टी युनिवर्सिटी,) थे। मूट कोर्ट प्रॉब्लम संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 15, अनुच्छेद 25 एवं अनुच्छेद 26 पर आधारित सबरीमाल केस पर थी। कॉम्पिटीशन में 16 टीमों ने भाग लिया। इस कॉम्पिटीशन का उद्देश्य मूट कोर्ट के माध्यम से विद्यार्थियों की वाक् कुशलता, कानून का सूक्ष्म ज्ञान, प्रक्रिया की जटिलताएं, रेफरेंस पेश करने की कला सिखाना ।था। प्रतिभागियों ने इस कॉम्पिटीशन के माध्यम से कोर्ट में केस को कैसे प्रस्तुत करते हैं तथा कोर्ट में किन नियमों का पालन करना होता है इसका व्यहारिक अनुभव सीखा। मूट कोर्ट के प्रारंभिक राउंड में 4 टीमें ने सेमीफाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू ने कॉम्पिटीशन के जजेस को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापकों सहित विभाग के सभी कर्मचारीगण एवं छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे करन तिवारी, नमिका दुबे एवं स्निग्धा सरैया का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम की सफलता पर एल एन सी टी ग्रुप के सेक्रेटरीडॉ अनुपम चौकसेधर्मेन्द्र गुप्ता (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर), वी. सी. एवं रजिस्ट्रार सहित सभी ने बधाईयां दी।

# भोपाल स्टेशन पर यात्री भीड़ प्रबंधन को लेकर किया गया माक ड्रिल

भोपाल ■ निसं

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में दीपावली एवं छठ महापर्व पर स्टेशनों एवं ट्रेनों में संभावित भीड़-भाड़ को ध्यान में रखते हुए क्राउड मैनेजमेंट एवं सुरक्षा व्यवस्था के ऊपर मोक ड्रिल का आयोजन किया गया।

कटारिया ने मांक ड्रिल में स्टेशन पर उपलब्ध कण्ट्रोल रूम जहाँ सीसीटीवी कैमरों से पूरे स्टेशन की निगरानी की जाती है के कार्यो को जांचा, कण्ट्रोल रूम में स्टेशन पर भीड़भाड के दौरान डिप्लॉय किये जाने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इस मांक ड्रिल में वाणिज्य, आरपीएफ, ऑपरेटिंग एवं अन्य विभागों द्वारा की गयी तैयारी तथा यात्री भीड़ प्रबंधन की विस्तृत जांच की गई। इस जांच के दौरान स्टेशन पर यात्री सामान की चेकिंग,



पार्सल के सामान की चेकिंग, ट्रेन चेकिंग, यात्री वेटिंग हॉल चेकिंग, स्टेशन पर टीटीई की तैनाती, यात्री उद्घोषणा, ट्रेन डिस्प्ले के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस ड्रिल में रेल सुरक्षा बल के डॉग स्क्वाड चेकिंग की गयी तथा यात्री एवं पार्सल में आए सामान की भी चेकिंग की गयी।

माक ड्रिल के दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्याम सिंह बरेडिया, सहायक वाणिज्य प्रबंधक नवल अग्रवाल एवं ग्रेसिअस नाजरथ, सहायक सुरक्षा आयुक्त चंद्रशेखर राजपूत, निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक आदि उपस्थित रहे। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है।

### करोड़ो का आसामी निकला कृषि साख सहकारी समिति का असिस्टेंट मैनेजर

**भोपाल/ जबलपुर ।** ईओडब्ल्यू जबलपुर द्वारा सुशील कुमार गुप्ता, सहायक प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बसाड़ी तहसील बड़वारा जिला कटनी के निवास स्थान ग्राम बसाड़ी, ग्राम बनहेरी स्थित आटा मिल, धान मिल, ऑईल मिल, चक्की सहित फार्म हाउस में छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान करोड़ो की बेनामी संपत्ति उजागर हुई है। काली कमाई का यह आंकड़ा जॉच के बाद बढ़ सकता है। विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर द्वारा सुशील कुमार गुप्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार से करोडो रूपये की असमानुपातिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। शुरुआती जॉच में शिकायत सही पाये जाने पर उसके विरुद्ध धारा-13(1)(बी)13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## राजधानी में डेढ़ सौ रुपए के लिए बवाल

# ढाबा संचालक और ग्राहकों के बीच खूनी संघर्ष

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मात्र डेढ़ सौ रुपए को लेकर जमकर बवाल हो गया। ढाबा संचालक और ग्राहकों के बीच मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक पक्ष ने गांव के लोगों को बुलाया फिर ढाबे पर उत्पात मचाया। ग्रामीणों की भीड़ में शामिल एक युवक के पेट में किसी ने तंदूर की रॉड घोंप दी जो उसके शरीर से आर-पार हो गई।विवाद में दोनों पक्षों के लगभग 10 लोग घायल हुए हैं। मारपीट वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल कटरा गांव के युवक अवधनारायण, ऋतिक अपने कुछ दोस्तों के साथ ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे। युवकों ने कटारा इलाके के सेठ जी ढाबे पर मटन का आर्डर किया। मटन की कीमत 650 बताई गई लेकिन युवकों ने कहा हम 500 देंगे। खाना खाने के बाद जब युवकों ने 650 की जगह 500 रुपए दिए, डेढ़ सौ रुपए को लेकर ढाबा संचालक और युवकों के बीच में बहस हुई। बहस के दौरान ढाबा संचालक को एक युवक ने थप्पड़ मार दिया।

इसके बाद ढाबा संचालक के दो बेटों ने तीन युवकों को पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने गांव में फोन लगाकर भीड़ बुलवा ली। ग्रामीणों के पहुंचने के बाद जमकर बवाल हुआ और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जानलेवा हमले किए।

## दूध-मावा की रोजाना होगी जांच, कलेक्टरों को निर्देश

# दिवाली पर मिठाइयों में मिलावट रोकने अफसर सतर्क

भोपाल ■ निसं

दिवाली के त्योहार पर खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंका को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। खासतौर पर दूध, मावा, मिठाई और अन्य खाद्य उत्पादों की जांच के लिए फूड सेफ्टी विभाग ने व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। फूड कंट्रोलर दिनेश श्रीवास्तव ने राज्यभर के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजते हुए कहा है कि हर दिन सैंपलिंग की जाए और मिलावटी सामान पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**भोपाल में जांच शुरू, ट्रेन और बाजारों पर नजर:** फूड कंट्रोलर के निर्देश के बाद भोपाल में टीमें फील्ड में उतर चुकी हैं। होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, मिठाई की दुकानों के साथ-साथ ट्रेनों



में भी नजर रखी जा रही है। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी ग्वालियर-चंबल से अमानक मावा आने की आशंका जताई जा रही है, जिस पर खास निगरानी रखी जा रही है।

**खाद्य सुरक्षा कानून का पालन जरूरी:** जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 का सख्ती से पालन कराया जाए। मिलावट की रोकथाम के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं। जहां भी खाद्य सामग्री में मिलावट या संदिग्ध उत्पाद मिलने की आशंका हो, वहां तत्काल नमूने लेकर जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध रूप से खाद्य सामग्री बनाने वाले कारखानों पर भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### शिकायत मिलते ही तुरंत होगी कार्रवाई

फूड कंट्रोलर ने कहा है कि किसी भी प्रकार की शिकायत या संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई करें और रिपोर्ट भोपाल मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (स्नस्ङ्ख), मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब और चलित प्रयोगशालाओं की मदद से इन सामग्रियों की जांच की जा रही है। इसके अलावा मैजिक बॉक्स, चेकिंग पॉइंट्स और स्पेशल टीमें भी लगातार निरीक्षण में जुटी हैं।

**जनता भी रखें सावधानी:** फूड सेफ्टी विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि मिठाई या अन्य खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, ब्रांड और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। अनपैक्ड या संदिग्ध वस्तुएं खरीदने से बचें और मिलावट की आशंका होने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।

# भोपाल मंडल पर सतर्कता जागरूकता के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

भोपाल ■ निसं

भारतीय रेल में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। वर्ष 2025 के सतर्कता जागरूकता सप्ताह (18 अगस्त से 17 नवम्बर तक) के अंतर्गत भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भोपाल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के के अंतर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन सहायक कार्मिक अधिकारी (ट्रैफिक) श्री रजनीश कुमार के नेतृत्त्व में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में सतर्कता जागरूकता, रेलवे अनुशासन एवं अपील नियम, भारतीय संविधान एवं सामान्य जागरूकता से संबंधित सवाल पूछे गए। इसमे 40 से अधिक कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को



रेलवे नियमों एवं जांच संबंधी प्रक्रियाओं और रिपोर्ट तैयार करने के दौरान आवश्यक सतर्कता की प्रखर जानकारी प्रदान करना है।

कार्यक्रम के दौरान सहायक कार्मिक अधिकारी श्री रजनीश कुमार कुमार, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक सहित सभी विभागों के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन

यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है।
**टोनी रॉबिंस**

एक चीज़ मैंने देखी है जब आप प्यार करते है दर्द की सीमा तक तो वो दर्द नहीं रहता बस प्यार बढ़ता जाता है।
**मदर टेरेसा**

## सम्पादकीय

### शताब्दी वर्ष में संघ की छवि पर सवालिया निशान

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष के उत्सवों की तैयारियों में व्यस्त है। इसी बीच केरल से आई एक दर्दनाक खबर ने संघ की छवि पर गहरा आघात किया है। संघ से जुड़े 25 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल आनंदु ए.जी. की आत्महत्या ने न केवल संगठन के नैतिक मूल्यों पर सवाल उठाए हैं, बल्कि संगठन के अंदर चल रहे क्रियाकलापों को उजागर करने जैसा काम किया है। समाज में चरित्र निर्माण के नाम पर चल रही गतिविधियों की समीक्षा जरूरी हो गई है। आनंदु की मौत को महज आत्महत्या कह देना आसान नही है। यह आत्महत्या संघ से जुड़े हुए व्यक्ति द्वारा की गई है, जो सुसाइड नोट लिखा गया है उसमें जो व्यथा लिखी है, उसके पीछे छिपी कहानी समाज को असहज करती है। अपने दस पन्नों के सुसाइड नोट और इंस्टाग्राम पोस्ट में उसने जो बातें लिखीं हैं, वह किसी भी संवेदनशील नागरिक की आत्मा को झकझोरने के लिए पर्याप्त हैं। सुसाइड नोट में उसने आरोप लगाया कि बचपन से ही संघ के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा लगातार यौन शोषण का शिकार बनाया गया। यह आरोप भयावह है। आनंदु के अनुसार, यह शोषण संघ के प्रशिक्षण शिविरों, आईटीसी और ओटीसी में सतत हुआ। जहाँ बच्चों को 'संस्कार' और 'देशभक्ति' सिखाने का दावा संघ द्वारा किया जाता है। यह घटना आरएसएस संगठन के लिए एक त्रासदी से कम नहीं है। संघ की संस्थागत संस्कृति पर सवाल खड़ा हो रहा है। संगठन दशकों से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का नारा देता आया है। यदि उसके भीतर बच्चों और युवाओं के यौन शोषण के आरोप लग रहे हैं, तो वास्तव में संघ को अपने मूल्यों और अनुशासन को लेकर जवाबदेही तय करना बड़ा मुश्किल हो गया है। ऐसे में पालन करता, संघ को इन आरोपों पर चुप्पी नहीं, बल्कि पारदर्शिता के साथ सामना करना होगा। इस मामले में संघ ने अपने एक बयान में कहा है, स्वयंसेवक की मौत दुखद है। उनका परिवार अनेक सालों से संघ से जुड़ा हुआ है। संघ ने इन्जीनियर की मौत और सोसाइड नोट के जांच की मांग की है। संघ ने सभी आरोपों की निराधार बताया है। केरल के राजनीतिक दल, वाम मोर्चा और कांग्रेस ने भी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, जो उचित है। किसी भी संगठन की विश्वसनीयता उसकी जवाबदेही से तय होती है। संघ स्वयं को निर्दोष बता रहा, इसलिए उसने आगे आकर स्वयं निष्पक्ष जांच की मांग कर दीं है। यदि जांच में सच्चाई सामने आती है, इससे पीड़ितों को न्याय मिलेगा। संघ से जुड़े संगठनो की साख भी बनी रहेगी। इस मामले का एक और चिंताजनक पहलू यह है, कि मुख्यधारा का मीडिया इसे गंभीरता से नहीं उठा रहा। नेशनल मीडिया पर इसे दबाया जा रहा है, जिसके कारण संघ की छवि पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर यह प्रश्न बार-बार उठाया जा रहा है। ऐसे मामलों में बड़े चैनल और अखबार चुप क्यों हैं? संघ से जुड़ी इस खबर पर चुप्पी यह बताती है, 卐सत्ता समीकरण卐 और 卐विचारधारात्मक झुकाव卐 मीडिया ओर समाचार मूल्यों को प्रभावित कर रहा है। आम जनता के बीच इसका अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। संघ कार्यकर्ता आनंदु के शब्द- 卐मेरा जीवन ही मेरा सबूत है।卐 किसी भी समाज के लिए आत्ममंथन का इससे बड़ा कोई कारण नहीं हो सकता है। यह घटना एक व्यक्ति की त्रासदी नहीं है, बल्कि उस सामूहिक भय और मौन का प्रतीक है, जो शक्तिशाली संगठनों के भीतर पलता है। एक युवा जिसने देशभक्ति और नैतिकता के संस्कार सीखने के लिए किसी संगठन से दो दशक तक जुड़ा रहा, अंततः खुद को इतना असहाय पाता है, कि वह जीवन समाप्त करने का निर्णय ले लेता है। यह सामूहिक असफलता का प्रतीक है। यह घटना सभी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के लिए एक चेतावनी भी है। वे आत्म निरीक्षण करें। किसी भी संस्था का उद्देश्य तब तक पवित्र नहीं माना जा सकता, जब तक वह अपने भीतर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित ना करे। बच्चों और युवाओं के प्रशिक्षण स्थलों में भय, शोषण या दमन की संस्कृति होगी, तो वहां से निकलने वाले 'संस्कार' समाज को किस तरह का संदेश देंगे। आनंदु की मौत ने एक गंभीर सवाल छोड़ दिया है। क्या राष्ट्रनिर्माण की राह में इंसानियत और नैतिकता की बलि दी जा सकती है? इस प्रश्न का उत्तर केवल संघ को नहीं, वरन पूरे देश को देना होगा। आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में इस घटना को आत्म मंथन का अवसर माने। यह घटना संगठन की कार्य प्रणाली में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यदि यह घटना राजनीतिक बयानबाजी और संस्थागत चुप्पी में दबा दिया गया, तो इससे संघ की छवि धूमिल होगी। अच्छी बात यह है कि संघ ने भी जांच की भांग की है। केरल सरकार को इस मामले में निष्पक्ष जांच करके एक-एक परत को उजागर करना होगा।*

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

*केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है। तुम्हें जुकाम हुआ। वह जरा ठीक हुआ नहीं कि फिर कमर में दर्द शुरू हो गया। फिर यह ठीक हो गया। और तो और, शरीर ठीक ठाक है तो मन अशान्त हो जाता है। बिना किसी इरादे के गलतफहमियां पैदा होती हैं, उलझन पैदा होती है। यह तुम्हारे ऊपर नहीं कि तुम उनका समाधान करो। तुम तो बस उन पर ध्यान न दो, बस जीवन्त रहो।*

# दिवाली-छठ पूजा के लिए घर जाने के लिए ट्रेन में बढ़ती भीड़ से यात्री परेशान



**कांतिलाल मांडोत**

*रोजगार ढूंढने आने वाले व्यापारी वर्ग,उधोगपतियों और श्रमिको को घर जाने पर आवागमन की सुविधा नही मिलती है। सूरत शहर में कपड़ा,डायमंड उधोग से जुड़े मजदूर वर्ग को दिवाली वैकेशन का इंतजार रहता है। सिल्क सिटी और डायमंड नगरी के नाम से प्रख्यात सूरत में लाखों प्रवासी श्रमिक हर साल त्योहारों में अपने वतन परिवारों के पास पहुंचते है।*

गुजरात मे सूरत उधोग और डायमंड उधोग में रोजगार के लिए उतर भारत के लोगो की संख्या करीब 15 लाख तक पहुंच गई है। दिपाली,छठ पूजा और बिहार चुनाव तीनो अवसर एक साथ आ जाने से सूरत सहित सूरत के उधना स्टेशन पर अप्रत्याशित भीड़ उमड़ रही है। दिवाली और छठ पूजा में गिनती के दिन बाकी है। उसी तरह मुम्बई से उदयपुर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़ वाया अहमदाबाद से जाने वाली ट्रेन की कमी का खामियाजा सात लाख प्रवासी भोग रहे है। स्टेशन पर जगह जगह पर अफरातफरी का माहौल है। ट्रेनों में सीट पाने के लिए धक्का-मुक्की की नौबत आ रही है। कई लोग शौचालय में बैठकर सफर कर रहे है। रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए इन्तजाम किये गए है। स्टेशन पर हर कोने पर सीसीटीवी की निगरानी है। लेकिन आलम यह है कि हर बार की तरह यात्री इस बार भी बहुत परेशान हो रहे है। भीड़ वाले हिस्सो में सर्विलांस भी किये गए है। दिवाली अवकाश को लेकर उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड और ओडिसा सहित राजस्थान रवाने होने वाले यात्रियों की उधना रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ देखने को मिली है। देश भर में 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। जो 15 नवम्बर तक जारी रहेगी। स्पेशल ट्रेन का सफर फेस्टिवल तक सुविधा उपलब्ध की जा सकती है। लेकिन मुम्बई उदयपुर के लिए प्रतिदिन एक भी ट्रेन उपलब्ध नही है। उदयपुर के लिए साप्ताहिक तीन दिन ट्रेन चलती है। इसके लिए उधोग जगत से जुड़े हुए उधोगपतियों ने रेलवे मंत्री से भी गुहार लगाई है। लेकिन रेल सेवा उपलब्ध नही हुई। मेवाड़ प्रवासियों की संख्या 8 लाख है। मुम्बई और सूरत में कपड़ा उधोग और डायमंड उधोग से जुड़े व्यापारियों और श्रमिको को हररोज बतौर आवागमन करना पड़ता है। सूरत से मेवाड़ के लिए सीधी निजी बसों की सुविधा है। सरकार की एक भी बस सूरत से उदयपुर के लिए नही है। ऐसे हालात में प्रवासियों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। उतर भारत का भी यही आलम है। अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेन 1 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक,सप्ताह में दो बार चलेगी। सूरत दरभंगा हर तीन दिन में एक ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। बांद्रा टर्मिनल गोरखपुर स्पेशल छठ की पूर्व संध्या पर विशेष ट्रेन,वापसी की व्यवस्था सहित चलाई जा रही है। लेकिन इसके बावजूद सूरत से जाने वालों की संख्या इस बार लाखो है। तब सवाल उठता है कि बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। विशेष ट्रेनों के बजाय नियमित अनरिजर्व्ड ट्रेनों की व्यवस्था की घोषणा की है। फिर भी यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है कि अतिरिक्त ट्रेनें भी कम पड़ रही है। यात्रियों से अपील की जा रही है कि शांति बनाए रखे। टेक्सटाइल उधोग और डायमंड उधोग का प्रमुख केंद्र है। जहाँ बड़ी संख्या में उत्तरभारतीयों और राजस्थान सहित मेवाड़ उदयपुर के प्रवासी है। ये प्रवासी कपड़े की मिलो में काम करते है। जहां से अरबो रुपये का राजस्व रेलवे और केंद्र सरकार को जाता है। लेकिन परिवहन सेवा के लिए आज भी लाखों प्रवासी झुंझ रहे है। सरकार सुनती नही है। कई बार उदयपुर के लिए मेवाड़ रेल चलाओ अभियान की मुहिम चला कर ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है। लेकिन इन प्रवासियों की मांगे मंजूर नही की जा रहीं है। सूरत पर सरकार को आवागमन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उदयपुर मेवाड़ के लिए मुम्बई और सूरत से वाया अहमदाबाद होकर गुजरने वाली एक भी प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन की सुविधा नही है। प्रवासी यात्रियों की पीड़ा काश कोई अनुभव कर सकता तो निश्चित ही ट्रेन सुविधा उपलब्ध करा दी गई होती। उत्तरभारत के दिवाली,छठ और बिहार चुनाव के इस संगम को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय विशेष ट्रेन की सुविधा दिवाली के पूर्व उपलबन्ध करानी होगी, तभी लोगो का आवागमन सुलभ हो सकता है। उधना में होर्डिंग एरिया में सैकड़ो श्रमिक एकट्ठा हुए हैं। जबकि लाइन लगाकर ट्रेन में बैठने के लिए जान पड़ता है। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थाई समाधान कराया जाए। क्योंकि छठ,पूजा और बिहार चुनाव में सुविधा उपलब्ध हो सकती है। लेकिन उदयपुर मेवाड़ के लिए कई बार ट्रेन उपलबन्ध कराने की मांग स्वीकृत नही हुई है। सूरत से उदयपुर के लिए सप्ताह में तीन दिन यात्रियों को सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वह नाकाफी है। सूरत से निजी बसों का संचालन है। वे मनमाफिक किराया वसूल कर रहे है। सीजन में डबल स्लीपर की रेट उदयपुर के लिए तीन हजार तक मुकर्रर की जाती है। लेकिन उसके बाद भी प्रवासियों को परेशान होना पड़ता है। प्रवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर ट्रेन सुविधाओं पर रेल मंत्रालय ध्यान आकृष्ट कर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। देश मे 12 हजार स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। लेकिन सूरत में तो ऊंट के मुह में जीरा वाली कहावत ही चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। उदयपुर, चितौड़गढ़ के बीच सूरत से दूरिया कम होने के कारण यात्रियों का आवागमन होता ही रहता है। जबकि उतर भारतीय तो सालभर में एक बार घर लौटते है। भीड़ की वजह से परिवार बच्चों के साथ यात्रा करने पर अधिक तकलीफ होती है। धक्का-मुक्की से परेशान बच्चे और मेरारु के लिए पीड़ादायक है। सूरत में होर्डिंग एरिया में पैर रखने की जगह नही है। हालात काबू में करने के लिए रेलवे पुलिस ने मैनेजमेंट की व्यवस्था की है। चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती है। होर्डिंग एरिया में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से खड़े रहने और बैठने की व्यवस्था की गई है। अस्थाई सुविधा के लिए बिहार विकास परिषद और सामाजिक संगठनों ने रेलवे सुविधा देने के लिए अपील की गई है । उधर मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से गुहार लगाई है। मेवाड़ रेल चलाओ अभियान के अध्यक्ष सुरेश लौढा ने बताया कि उदयपुर के लिए हररोज दो ट्रेन की आवश्यकता है। जिसको प्रतिदिन मुम्बई से वाया अहमदाबाद होकर उदयपुर और मावली तक सेवा दी जानी चाहिए,जिससे समस्या का समाधान हो जाएगा। मुम्बई से 750 की दूरी है। जबकि उदयपुर सूरत की 450 किमी की दुरी है। यहां से हर रोज लोगो का आवागमन होता है। दरअसल, उत्तरभारत के लिएभी ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराई जानीही चाहिए। लेकिन उनके लिए फेस्टिवल ट्रेन का बहुत महत्व है। क्योंकि उनको हररोज उत्तरभारतीयों को नही जाना होता है। ट्रेन में इस वक्त सवार होना किसी जंग से कम नही है। धक्का मुक्की कर ट्रेन में प्रवेश भी कर दिया तो अंदर जाकर खड़ा ही रहना पड़ता है। जिससे किसी अनहोनी को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। दिवाली महापर्व और उसके बाद बिहार-उत्तर प्रदेश में छठ के त्योहार पर कंफर्म रेल टिकट की मारामारी के चलते प्रवासियों के लिए घर जाना मुश्किल हो रहा है। मध्यप्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ और गुजरात से बिहार-उत्तर प्रदेश जाने तथा दक्षिण भारत से इन प्रदेशों में आने वाली प्रमुख ट्रेनों में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। सूरत में उधोग से जुड़े श्रमिकों के लिए उत्तरप्रदेश, बिहार,छतीसगढ़, राजस्थान, एमपी आदि राज्यों के लिए ट्रेन सुविधाए उपलब्ध कराए, जिससे श्रमिको को आवाजाही में परेशानी नही हो सके।

# मिसाइल मैन .डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



**संजय गोस्वामी**

*डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैंश. ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे.एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ.*

अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है. 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया. सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े. अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका. 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, क्त्क्ष्क् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए. इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरुआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ़ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई ?म कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं. जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही.इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई।!सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देतेश. ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे. किये।27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रहश् पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6रू30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भगवान राम के बारे में शोध किया था, खासकर रामायण काल के हथियारों और रामसेतु जैसे विषयों पर। वे भारतीय संस्कृति और साहित्य में गहरी रुचि रखते थे और रामसेतु पर शोध को आधुनिक हथियारों के विकास में मददगार मानते थे। उनका मानना था कि रामेश्वरम में रहने और पिता के साथ मंदिर जाने के कारण भगवान राम के प्रति उनकी विशेष श्रद्धा थी। शोध और रुचि- डॉ. कलाम रामायण काल के अस्त्र-शस्त्रों पर शोध करने में रुचि रखते थे, यह मानते हुए कि इससे आधुनिक हथियारों के विकास में मदद मिल सकती है। खासकर, भीड़ नियंत्रण के लिए सम्मोहन अस्त्र जैसे विषयों पर उनका शोध था। रामसेतु उन्होंने रामसेतु के बारे में भी शोध किया था और इसका संबंध उस समय से जोड़ा था जब समुद्र स्तर लगभग झ(28झ) मीटर बढ़ा था। आस्था और जन्मस्थान- रामेश्वरम में जन्म और पालन-पोषण के कारण, वह अपने पिता के साथ अक्सर रामेश्वरम मंदिर जाते थे। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन अब्दुल कलाम जिन्होंने भारत का सर्वोच्च पद संभाला, जिन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान मिला। लेकिन उन्होंने कभी अपने पद की शक्ति का अहंकार नहीं किया। वो हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने देश सेवा और लोगों की सेवा को ही अपना पहला और अंतिम लक्ष्य बना लिया था और उसी पथ पर वो जीवनभर चलते रहे। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन अब्दुल कलाम के जिन्होंने अपने जीवनकाल में कई ऐसे अनमोल और प्रेरणादायी वचन कहे हैं। जिन्हें अगर आप आत्मसात कर लें यानी अपनी आत्मा में बिठा लें तो यकीन मानिए इससे आपका भविष्य तो उज्ज्वल होगा ही, साथ ही आपके जीवन को भी ये बेहतर बना देगा। मिसाइलमैन अब्दुल कलाम के 10 अनमोल और प्रेरणादायी वचन।

## पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता

**प्रतापराव जाधव**

जलवायु परिवर्तन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में प्राचीन चिकित्सा पद्धति स्थायी स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान कर सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88 प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है। विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणाली अपने सुलभ और किफायती सेवा के कारण अरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है। व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा एवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है। यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत का आयुर्वेदिक परिवर्तन भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। भारत अब 150 से ज़्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता है और आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96 प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज़्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थी और आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है। वैज्ञानिक मान्यता, वैश्विक विस्तार भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं। आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है। भारत में डब्लूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है।

## खास बात

### लक्ष्मी पुत्रों के खिलाफ रामराज में कार्रवाई संभव नहीं

भारत की 140 करोड़ की आबादी है। 33 करोड़ देवी देवता हैं। भारत में गिने चुने लक्ष्मी पुत्र हैं। ऐसे में लक्ष्मी पुत्रों की अवहेलना कैसे हो सकती है। सारी शान शौकत तो लक्ष्मी पुत्रों के अनुसार ही देवी देवताओं और राजा महाराजाओं की होती है। उन पर कोई कार्रवाई हो, यह कैसे संभव है। आम जनता उनके खिलाफ क्रांति करे, भी तो कैसे करे। 1917 में रूस में जार क्रांति हुई थी। वह भी राजा के खिलाफ हुई थी। उस समय के जो लक्ष्मी पुत्र थे।वह तो अपने आपको बचा कर ले गए थे। लक्ष्मी पुत्रों पर ना कभी कोई कार्रवाई हुई है। ना कभी होगी। यही रामराज का सत्य है। सारे हिंदुओं को लक्ष्मी जी के वाहन को याद करके रखना चाहिए।

### 358 अरबपतियों की संपत्ति 8500 करोड़

भारत की आबादी 140 करोड़ है। हरुन इंडिया की जो रिपोर्ट सामने आई है।उसके अनुसार भारत के 1687 लक्ष्मी पुत्रों की संपत्ति 1000 करोड रुपए से ऊपर है। 358 अरबपतियों की औसत संपत्ति 8500 करोड़ है। भारत जैसे गरीब देश में जहां 80 करोड लोग 5 किलो राशन पर जिंदा है। वहां पर 65 फ़ीसदी संपत्ति कुछ गिने चुने लोगों के पास है। लक्ष्मी पुत्र ही अनादि काल से आज तक देवी देवताओं, राजा महाराजाओं पर राज करते आए हैं। यह राज लोकतंत्र में भी चल रहा है।गरीब अपने कर्मों का फल भोग रहे हैं।यह मानकर सबको संतोष कर लेना चाहिए। जय श्री राम

### गरीब और गरीबी कभी क्यों नहीं मरती

वैश्विक व्यापार संधि के कारण सारी दुनिया के देश एक दूसरे के साथ व्यापार कर रहे हैं। खर्च करने के लिए कर्ज भी गरीबों को मिलना शुरू हुआ। यह कोई कम बात नहीं थी।भारत 140 करोड़ की आबादी वाला देश है।यहां की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी के साथ बढ़ने वाली है।इसके बाद भी गरीबों की गरीबी बढ़ती जा रही है।गरीब कम नहीं हो रहे हैं।यह अलग बात है, सरकार के रिकॉर्ड में उनकी आमदनी पहले की तुलना में कुछ बढ़ गई है। जिससे वह गरीबी रेखा की सूची से ऊपर आ गए हैं। आय से ज्यादा महंगाई बढ़ गई है। महंगाई का कोई मानक है। अब लोग कहने लगे हैं, गरीब और गरीबी भगवान का आशीर्वाद है। जो कर्म किए थे, उसका फल भुगतने के लिए तो जन्म लेना ही पड़ेगा। उसके लिए भारत से अच्छी और कौन सी देवभूमि हो सकती है। यहां हमेशा गरीबों की जनसंख्या ज्यादा रही है। लक्ष्मी पुत्र तो हमेशा से ही गिने चुने रहे हैं।

### नीतीश अब बड़े भाई नहीं रहे, जुड़वा बन गए

बिहार की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन देखने मे आया है। अभी तक बिहार में नीतीश, बीजेपी के बड़े भाई थे।लेकिन इस विधानसभा चुनाव में नितीश बाबू जुड़वा भाई बन गए हैं।राजनीति में जो ना हो जाए वह कम है। नितीश बाबू के सांसद इस्तीफा देने पर अड गए हैं। नितीश बाबू की पार्टी पर छोटे भाई ने कब्जे की तैयारी कर ली है। जो खेल महाराष्ट्र और उड़ीसा में खेला था।अब वही बिहार में शुरू हो गया है। इसे ही कहते हैं राजनीति, जिस नीति से राज मिले, वही राजनीति हैं।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, नवमी, बुधवार, पुण्य नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गर करणे, कर्क की चंद्रमा, भद्रा 49/28 मूल प्रारंभ दिन में 4/36, रोग विमुक्ता स्नान मुर्हूत नवान्न भोजन, औषधि सेवन, व्यापार मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, धनी-मानी, उत्तम व्यापारी, लेखापाल, वैसशियर, प्रबंधक, पत्रकार, लेखक-कवि होगा।

मेष राशि- भाग्य का सितारा साथ देगा, इष्ट मित्र सहयोगी होंगे, रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे ध्यान दें।

वृष राशि- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, मनोबल बनाये रखें, रुके कार्य सूझ-बूझ से बना लें, कार्य पर ध्यान अवश्य दें।

मिथुन राशि- इष्ट मित्रों से परेशानी होगी, कष्ट होगा, मानसिक अशांति से कार्य में बाधा बनेगी, धैर्य अवश्य रखें।

कर्क राशि- मान-प्रतिष्ठा व प्रभुत्व वृद्धि होगी, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास व समृद्धि के साधन बनेंगे, सुख मिलेगा।

सिंह राशि- कार्यगति अनुकूल रहेगी, सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि होगी, साधन-सम्पन्नता के योग बनेंगे ध्यान दें।

कन्या राशि- कुटुम्ब की परेशानी से चिन्ता व व्यग्रता रहेगी, उद्विघ्नता से बचें, कार्य अवरोध संभव है, शांत मन से कार्य करें।

तुला राशि- धन हानि होगी, मानसिक कष्ट होगा, शारीरिक बेचैनी तथा व्यर्थ भ्रमण में समय व धन नष्ट होगा, अपव्यय से बचें।

वृश्चिक राशि- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, अधिकारी वर्ग से लाभ होगा, समर्थन फलप्रद रहेगा, कार्यगति पर ध्यान अवश्य दें।

धनु राशि- कार्य कुशलता से संतोष होगा, दैनिक समृद्धि के साधन बनेंगे, समय का ध्यान रखें, कार्यगति का ध्यान रखें।

मकर राशि- दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, योजना फलीभूत होगी, रुके कार्य परिश्रम से बनेंगे, कार्य योजना पर ध्यान दें।


कुंभ राशि- विशेष कार्य स्थगित रखें, मानसिक विभ्रम रहेगा किन्तु उद्विघ्नता से बचिये, समय को ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।

मीन राशि- कार्य विफलत्व से हानि, प्रयत्न करने पर भी सफलता दिखाई न दे, कार्य अवरोध होगा, सावधानी अवश्य रखें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**15 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृश्चिक | 08.25 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.41 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.47 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.33 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.06 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.36 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.15 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कर्क | 23.28 बजे से |
| | | सिंह | 01.44 बजे से |
| | | कन्या | 03.56 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 288 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 10.34 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 12.00 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 02.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 10.34 बजे तदनन्तर वणिज 22.31 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 32' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872498 **जूलियन दिन** 2460963.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# देश के लिए कार्य करना सभी का धर्म, इसी भावना से कार्य करे नई पीढ़ी: स्वांत रंजन

**जौनपुर ■ एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने अपने विद्यार्थियों को सदैव सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन यहां वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ भवन में आयोजित एक संगोष्ठी कोसंबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुई। जिसमें भारतीय ज्ञान परम्पराविषय पर वक्ताओं ने

**पूर्वांचल विवि में हुई भारतीय ज्ञान परम्परा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी**



भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों–शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और नैतिकता पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किए।

प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लिए कार्य करना प्रत्येक नागरिक का धर्म है और नई पीढ़ी को भी इसी भावना से प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने विद्यार्थियों को सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

संगोष्ठी में मुख्यवक्ता इसरो के पूर्व वैज्ञानिक व प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा का मूल उद्देश्य आत्मचेतना को जागृत करना है। उन्होंने महाराणा प्रताप की तलवार और सबरी माला के पंचधातु दर्पण का उल्लेख करते हुए भारतीय कारीगरों की वैज्ञानिक दक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं जब आंगन में तुलसी लगाती थीं, तो वह केवल आस्था का नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक था। प्रो. पांडे ने कहा कि गुरु में अग्नि भाव होना चाहिए। शिक्षा कभी केवल परीक्षण या पुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि ज्ञान का विषय होना चाहिए। उन्होंने कुल परम्परा और गुरुकुल परम्परा को भारतीय शिक्षण प्रणाली की जड़ बताया।

सारस्वत अतिथि, राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय अमेठी के कुलगुरु प्रो. भृगुनाथ सिंह ने भारतीय ज्ञान परम्परा में इंजीनियरिंग एवं तकनीकी योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय परम्परागत विज्ञान को आधुनिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना समय की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. प्रेमलता देवी ने भारतीय ज्ञान परम्परा में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकायुक्त ने बेंगलुरु समेत कर्नाटक में 12 भ्रष्ट अधिकारियों के घरों पर छापा मारा

**बेंगलुरु** लोकायुक्त ने बेंगलुरु सहित कर्नाटक राज्य में 12 सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापे मारे हैं। इन सभी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। यह छापे बेंगलुरु, हासन, कालाबुरागी, चित्रदुर्ग, उडुपी, दावणगेरे, हावेरी और बागलकोट जिलों में एक साथ मारे गए। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, लोकायुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने बेंगलुरु में मंजूनाथ जी चिकित्सा अधिकारी मल्लसंद्रा हेरिज अस्पताल, वी सुमंगल निदेशक कर्नाटक उच्च शिक्षा बोर्ड, एनके गंगामारी गौड़ा सर्वेक्षक विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी बीएमआरसीएल, ज्योति मैरी प्रथम श्रेणी सहायक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हासन, कलबुर्गी कृषि विभाग सहायक निदेशक धुलप्पा, चित्रदुर्ग कृषि विभाग सहायक निदेशक चंद्रकुमार, उडुपी क्षेत्रीय परिवहन विभाग अधिकारी लक्ष्मीनारायण पी. नायक, जगदीश नायक सहायक कार्यकारी अभियंता कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास नियमित दावणगेरे, बीएस धाद्रिमनी जूनियर इंजीनियर कर्नाटक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम दावणगेरे, हावेरी जिले के रानेबेन्नूर तालुक के राजस्व अधिकारी अशोक, हावेरी जिले के सावनूर तालुक पंचायत के प्रभारी कार्यकारी अधिकारी बसवेश और बागलकोट अलमट्टी राइट बैंक नहर जूनियर इंजीनियर चेतन के ठिकानों पर यह कार्रवाई की है।

### वेनेजुएला नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में बंद करेगा अपने दूतावास

**काराकास।** वेनेजुएला की सरकार ने सोमवार को घोषणा की है कि वह नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में अपने दूतावास को बंद करेगी। इसके स्थान पर बुर्किना फासो और जिम्बाब्वे में नए दूतावास खोले जाएंगे। यह कदम अमेरिकी तनावों के बढ़ने के बाद वेनेजुएला के विदेश सेवा ढांचे के पुनर्गठन का हिस्सा है। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार ने एक बयान में कहा कि यह बंदी संसाधनों के रणनीतिक पुन:आवंटन का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि नॉर्वे और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले वेनेजुएला नागरिकों के लिए वाणिज्यिक सेवाएं अन्य कूटनीतिक मिशनों के माध्यम से प्रदान की जाएंगी, जिसके विवरण आने वाले दिनों में साझा किए जाएंगे। काराकास ने कहा कि बुर्किना फासो और जिम्बाब्वे में नई दूतावासें दो बहन राष्ट्रों में खोली जाएंगी, जो उपनिवेशवाद के खिलाफ और प्रभुत्ववादी दबावों के खिलाफ संघर्ष में रणनीतिक सहयोगी हैं। ये नई दूतावासें कृषि, ऊर्जा, शिक्षा, खनन और अन्य साझा हितों में संयुक्त परियोजनाओं को शुरू करने में मदद करेंगी। यह घोषणा उस समय हुई है जब ओस्लो में नोबेल समिति ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना माचाडो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया है।

### सेनेगल में फैला रिफ्ट वैली फीवर, 18 लोगों की मौत

**डकार।** पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल एक खतरनाक वायरल महामारी की चपेट में है। देश के उत्तरी हिस्सों में रिफ्ट वैली फीवर फैल गया है जिससे अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 100 से ज्यादा संक्रमित हैं। सेनेगल के स्वास्थ्य मंत्रालय के निगरानी प्रमुख डॉ. बोली डियोप ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में मरीज पहली बार दर्ज किए गए हैं। रिफ्ट वैली फीवर एक जूनोटिक बीमारी है जिसका अर्थ है कि यह जानवरों से इंसानों में फैलती है। यह मुख्य रूप से भेड़, बकरी और गाय जैसे पालतू पशुओं को प्रभावित करती है। इस वायरस की पहचान पहली बार 1931 में केन्या की रिफ्ट वैली में हुई थी। तब से यह अफ्रीका और कभी-कभी मध्य-पूर्व तक भी फैल चुकी है। इसका फैलाव अक्सर भारी बारिश या बाढ़ के बाद होता है, क्योंकि इससे मच्छरों की संख्या बढ़ती है। एडीज और क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छर इस वायरस के मुख्य वाहक हैं। इंसानों में यह संक्रमण संक्रमित पशुओं के खून या अंगों के संपर्क में आने से भी फैल सकता है खासकर जब बीमार जानवर को काटा जाता है या उसका मांस तैयार किया जाता है।

### जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खोजा विशाल कॉस्मिक ट्रेल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) ने खगोल विज्ञान की एक रोमांचक खोज की है। जेडब्ल्यूएसटी और चिली स्थित एएलएमए की संयुक्त ऑब्जर्वेशन में एनजीसी 3627 नामक एक दूरस्थ स्पाइरल गैलेक्सी में एक विशाल कॉस्मिक ट्रेल का पता चला है। यह गैलेक्सी लियो (सिंह) नक्षत्र में स्थित है और पृथ्वी से लगभग 31 मिलियन लाइट ईयर दूर है। यह ट्रेल लगभग 20,000 लाइट ईयर लंबा और 650 लाइट ईयर चौड़ा है, जो अब तक देखी गई सबसे बड़ी और स्पष्ट कॉस्मिक लकीरों में से एक माना जा रहा है। चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के खगोल वैज्ञानिक मेंगके झाओ ने बताया कि यह खोज पीएचएएनजीएस सर्वे के दौरान सामने आई, जिसका उद्देश्य ब्रह्मांड में गैस, तारों के निर्माण और गैलेक्सी के ढांचे को समझना है। जेडब्ल्यूएसटी से प्राप्त डेटा ने संकेत दिया कि यह ट्रेल महीन धूल के कणों से भरी हुई है।

#### अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का नया हब बनेगा

# आतंकियों को पाताल से ढूंढ निकालेगी भारत की सुरक्षा एजेंसियां: अमित शाह

**भारत में एनएसजी के अब तक छह हब- मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू में स्थापित हो चुके हैं**



**मानेसर ■ एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का एक नया हब स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित किए जा रहे एनएसजी के हब किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। अमित शाह हरियाणा के मानेसर में एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह और स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर (एसओटीसी) के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनएसजी के कार्य में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। अब तक एनएसजी के छह हब- मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू में स्थापित हो चुके हैं। इनके साथ अब अयोध्या में भी एक नया हब बनाया जाएगा।

इन छह जोनों में एनएसजी कमांडो 24 घंटे और 365 दिन तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी आकस्मिक आतंकी हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। हर जोन के लिए एक विशेष कंपोजिट ग्रुप बनाया गया है जो अपने क्षेत्र में आने वाले किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम रहेगा।

गृह मंत्री ने बताया कि एनएसजी का मुख्यालय हरियाणा की वीर भूमि मानेसर में स्थित है। यहां न केवल एनएसजी बल्कि देशभर के राज्यों की आतंक विरोधी इकाइयों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। एनएसजी का यह नया ट्रेनिंग सेंटर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां अत्याधुनिक युद्ध कौशल और विशेष ऑपरेशंस की ट्रेनिंग दी जाएगी।

अमित शाह ने आतंकवादी समूहों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां उन्हें पाताल लोक तक ढूंढ निकालेंगी। उन्होंने कहा, भारत के सुरक्षा बल आतंकवादियों को ढूंढकर दंडित करेंगे, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव इस बात के उदाहरण हैं कि भारत अब किसी भी हमले का जवाब उसके मूल स्थान पर जाकर देने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत पर हमले की योजना बनाने वाले आतंकी समूहों के मुख्यालयों, लॉन्चिंग पैडों और प्रशिक्षण केंद्रों को नष्ट किया गया, जबकि 'ऑपरेशन महादेव' में भारतीयों पर हमला करने वाले आतंकियों को सटीकता से समाप्त किया गया। शाह ने कहा, इन अभियानों ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि आतंकवादियों के लिए अब कोई स्थान सुरक्षित नहीं है। वे जहां भी होंगे, भारत की सुरक्षा एजेंसियां उन्हें सजा देंगी।

गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि प्रत्याक्रमणकारी हो चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदम उठाकर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब आतंक के हर स्रोत पर सीधे प्रहार करने में सक्षम है।

अमित शाह ने एनएसजी की वीरता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि 1984 में स्थापना के बाद से एनएसजी ने ऑपरेशन अश्वमेध, वज्र शक्ति, ऑपरेशन ढांगू सुरक्षा और अक्षरधाम जैसे कई बड़े आतंकी हमलों के दौरान असाधारण साहस का परिचय दिया है। उन्होंने कहा, एनएसजी ने संगठित अपराध और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश को बार-बार सुरक्षित किया है। हर नागरिक के मन में यह विश्वास है कि देश की सुरक्षा एनएसजी जैसे वीर जवानों के मजबूत हाथों में है। अमित शाह ने एनएसजी कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार उनकी कार्यक्षमता और साजो-सामान को लगातार सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में एनएसजी को अत्याधुनिक तकनीक और रणनीतिक क्षमताओं से और अधिक सशक्त किया जाएगा ताकि देश की सुरक्षा में कोई कमी न रह जाए।

# महाराष्ट्र में समुद्री क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं: सर्बानंद



**मुंबई ■ एजेंसी**

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को मुंबई में कहा कि महाराष्ट्र में समुद्री क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं। मुंबई %समुद्री सप्ताह% जैसे आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान है। देश के उद्योगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समुद्री क्षेत्र में महाराष्ट्र की स्थिति महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल आज मुंबई मंत्रालय में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और भारतीय बंदरगाह संघ की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित भारत समुद्री सप्ताह की तैयारी के संबध में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत समुद्री सप्ताह 2025 का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक गोरेगांव स्थित नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसका उद्घाटन करेंगे। यह भारत की समुद्री नीति, नवाचार, सतत विकास, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समुद्री उद्योग के विकास पर चर्चाओं और प्रदर्शनियों का एक मंच होगा। इसमें कई उप-परियोजनाएँ, सेमिनार और विषय शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देश, हजारों प्रतिनिधि, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उद्योग, 500 से अधिक प्रदर्शक और 7 भागीदार देशों के मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधि भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्र सरकार को भारतीय समुद्री क्षेत्र के विकास के लिए मुंबई में स्थाई केंद्र स्थापित करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र इस केंद्र को वैश्विक स्तर पर विकसित करेगा और वैश्विक स्तर पर भारत समुद्री सप्ताह की थीम तैयार करेगा। मुंबई में आर्थिक विकास के अपार अवसर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में महाराष्ट्र का योगदान हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। भारत समुद्री सप्ताह 2025 के अवसर पर देश और राज्य के समुद्री विकास में अपार अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में समुद्री निवेश के लिए अनुकूल वातावरण है और यह समुद्री सप्ताह इसे और बढ़ावा देगा। देश और महाराष्ट्र वैश्विक समुद्री क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहे हैं। जहाज निर्माण नीति ने राज्य में इस क्षेत्र में नए अवसर पैदा किए हैं। महाराष्ट्र निश्चित रूप से देश के समुद्री क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# देश के लिए कार्य करना सभी का धर्म, इसी भावना से काम करे नई पीढ़ी : स्वांत रंजन

**जौनपुर ■ एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने अपने विद्यार्थियों को सदैव सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन यहां वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ भवन में आयोजित एक संगोष्ठी कोसंबोधित कर रहे थे। इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुई। जिसमें भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों–शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और नैतिकता पर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त किए।




प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लिए कार्य करना प्रत्येक नागरिक का धर्म है और नई पीढ़ी को भी इसी भावना से प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने विद्यार्थियों को सत्य, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, विद्या, आत्मत्याग और देशभक्ति जैसे गुणों की शिक्षा देने की बात की थी। यह गुण भारतीय ज्ञान परम्परा की आत्मा है और चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

संगोष्ठी में मुख्यवक्ता इसरो के पूर्व वैज्ञानिक व प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा का मूल उद्देश्य आत्मचेतना को जागृत करना है। उन्होंने महाराणा प्रताप की तलवार और सबरी माला के पंचधातु दर्पण का उल्लेख करते हुए भारतीय कारीगरों की वैज्ञानिक दक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं जब आंगन में तुलसी लगाती थीं, तो वह केवल आस्था का नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक था।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के रक्षामंत्री और आईएसआई प्रमुख के वीजा आवेदन रद्द किए

**काबुल ■ एजेंसी**

अफगान सरकार ने पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ, इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और दो अन्य जनरलों के वीजा आवेदनों को खारिज कर दिया है। पिछले तीन दिन में इस्लामाबाद ने तीन अलग-अलग अनुरोध भेजे।



तीनों को काबुल ने अस्वीकार कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, अफगान विदेश मंत्रालय या तालिबान सरकार ने इस मामले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की। सूत्रों ने वीजा आवेदन खारिज करने की पुष्टि की। हाल के महीनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है। इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अपनी जमीन का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद के इन आरोपों का खंडन किया है। हाल ही में खबरें आई कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल सहित विभिन्न क्षेत्रों में हवाई हमले किए। अफगान बलों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तानी बलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भारी क्षति हुई।

हालांकि बाद में अफगान सेना ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। भारत में अफगान सरकार के विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर युद्धविराम का फैसला लिया गया।

पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ पहले भी अफगान नेतृत्व से मिल चुके हैं। हालिया घटनाक्रम के बाद वह तालिबान सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए काबुल जाना चाहते थे। अफगान सरकार के इनकार करने से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव और भी स्पष्ट हो गया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, उच्चस्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के वीजा आवेदनों को अस्वीकार करना एक असामान्य कदम है। यह दर्शाता है कि तालिबान सरकार अब इस्लामाबाद के दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं है।

#### *हरियाणा : परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए शव देने से किया मना*

# *साइबर सेल में तैनात एएसआई ने दी जान, आईपीएस पूरन पर लगाए गंभीर आरोप*

***रोहतक ■ एजेंसी***

*हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार को रोहतक से एक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। रोहतक आईजी ऑफिस की साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर ने मंगलवार दोपहर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एएसआई ने मरने से पहले चार पेज का सुसाइड नोट लिखा और एक वीडियो भी बनाई, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसमें एएसआई ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार पर जातिवाद को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही सुसाइड नोट में छुट्टी पर भेजे गए डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी रहे नरेन्द्र बिजारणियां को एक साफ छवि व ईमानदार अधिकारी बताया है। पुलिस ने सुसाइड नोट को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस एएसआई द्वारा बनाई गई वीडियो की भी जांच कर रही है। एएसआई द्वारा आत्महत्या करने से पुलिस महकमे में हडकंप मचा हुआ है।*



*पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि लाढौत-धामड रोड स्थित खेत में बने कमरे में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान जींद जिले के गांव जुलाना निवासी संदीप लाठर के रूप में हुई, जोकि रोहतक आईजी ऑफिस की साइबर सेल में एएसआई के पद तैनात पर था। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।*

*पुलिस को मौके से चार पेज का सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें लिखा था कि वह स्वतंत्रता सेनानी परिवार से है। देश व समाज से बड़ा कोई नहीं है और शहीद भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति दी, इसलिए वो उनके आदर्श हैं। आज समाज में एक बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार और जातिवाद है, जो सच्चाई और आदर्श में बाधित करते हैं। हरियाणा में आईएएस अधिकारी व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार करते है, परंतु कुछ ईमानदार अफसर हैं जिन्होंने बहुत हद तक भ्रष्टाचार पर लगाम लगा दी है। इसमें हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर व रोहतक पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणियां शामिल हैं, जिन्होंने ईमानदारी व सत्य का साथ दिया और पुलिस कर्मियों को सही के लिए हमेशा प्रेरित किया। सुसाइड नोट में गंभीर आरोप लगाते हुए आगे लिखा कि वाई पूरन कुमार का तबादला रोहतक रेंज में होते ही भ्रष्टाचार पुलिस कर्मचारियों की तैनाती आईजी ऑफिस में कर दी और ईमानदार कर्मचारियों का तबादला।*

### नेपाल में संसद विघटन और अंतरिम सरकार गठन को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी



**काठमांडू।** नेपाल के तीन प्रमुख दल संसद विघटन और सरकार गठन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर करने की तैयारी कर रहे हैं। भंग की गई प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने मंगलवार को तीनों प्रमुख दलों की बैठक बुलाकर संसद विघटन और सरकार गठन को चुनौती देने के लिए एक साथ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने को कहा है। इस बैठक में स्पीकर घिमिरे ने कहा कि अलग-अलग रिट दाखिल करने से बेहतर है सभी संयुक्त रूप से इसे दाखिल करें। इस बैठक में नेपाली कांग्रेस के तरफ से प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत, नेकपा एमाले के तरफ से पूर्व कानून मंत्री पद्मा अर्याल और माओवादी के तरफ से राष्ट्रीय सभा के सांसद और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता खिमलाल देवकोटा की उपस्थिति रही।

# महिलाओं को राशि के अनुसार दें उपहार

*हर राशि की महिला का अपना अलग स्वभाव व पसंद होती है। इसलिए महिलाओं को उनकी पसंद के अनुसार उपहार दिये जाने चाहिये। ऐसे में अगर आप किसी लड़की को उसकी पसंद के कपड़े या फैशन की कोई वस्तु देना चाहते हैं, तो उसकी राशि के अनुसार ही दें। इसमें सिर्फ कपड़े ही नहीं अन्य सभी समान भी आते हैं। राशियों के अनुसार महिलाओं की पसंद ऐसी होती है।*



**मेष राशि-** मेष राशि वाली महिलाओं में एक खास खूबी होती है। यह किसी भी नए फैशन ट्रेंड को अपनाने में सबसे आगे रहती हैं। फिर बात चाहे नए तरह के बैग खरीदने की हो या फिर दोस्तों के बीच फैशनेबल दिखने की। मेष राशि की महिलाएं नए ट्रेंड को लेकर काफी साहसी भी होती हैं और नए स्टाइल को लेकर इनमें किसी तरह की झिझक नहीं होती है। इस राशि की महिलाएं लाल रंग को पसंद करती हैं और अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए चमकदार एसेसरीज को अधिक तवज्जो देती हैं।

**वृष राशि-** इस राशि की महिलाएं ब्रांड और लेबल को लेकर बेहद सजग होती हैं। यह ब्रांडेड और गुणवत्तायुक्त कपड़े खरीदना ही पसंद करती हैं।

**मिथुन राशि-** इस राशि की महिलाएं काफी मजाकिया और प्यार के प्रति संवेदनशील होने के साथ ही अपने अजीबो-गरीब फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। वह सीजन के साथ बदलते फैशन ट्रेंड को पसंद करती हैं। साथ ही नए तरह के लुक और अलग स्टाईल को भी प्रचलन में लाती हैं और बाद में उन्हें अपना खुद का फैशन बताने लगती हैं।

**कर्क-** कर्क राशि की महिलाएं परंपरागत और आरामदायक वस्त्रों को पसंद करती हैं। रूढ़ीवादी पसंद के बावजूद इस राशि की महिलाएं अपनी त्वचा पर विशेष ध्यान देती हैं। इस राशि की महिलाएं किसी भी ट्रेंड को ज्यादा समय तक नहीं अपनाती हैं और इनकी पसंदीदा एसेसरीज नेकलेस और मोती है।

**सिंह राशि-** इस राशि की महिलाएं लक्जरी को पसंद करती हैं। इनके लिए यह जरूरी नहीं कि कपड़े और एसेसरीज महंगे ही हो, पर वह विशिष्ट जरूर हों। इस राशि की महिलाओं की पसंद काफी अच्छी होती है।

**कन्या राशि** - इस राशि की महिलाएं कभी भी हल्का सा भी मुड़ा हुआ वस्त्र नहीं पहनती हैं। ऐसी महिलाएं रूढ़ीवादी होने के साथ-साथ प्रगतिशील भी होती हैं और इनका फैशन इनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। इस राशि की महिलाएं साधारण, अच्छी फिटिंग और एक से अधिक सीजन तक चलने वाले कपड़ों को तवज्जो देती हैं।

**तुला-राशि** की महिलाएं कपड़ों का चयन करने में थोड़ा समय जरूर लेती हैं, लेकिन उनके सामने फैशन को लेकर कभी भी संकट की स्थिति नहीं होती है। मेकअप की बात करें तो यह हल्का और प्राकृतिक ही होता है।

**वृश्चिक राशि-** की महिलाओं में फैशन को लेकर खासा क्रेज होता है। इस राशि की महिलाएं ट्रेंड को पसंद करती हैं। उन्हें पता होता है कि उनके लिए क्या अच्छा है और इनके अंदर दिखावे का डर नहीं होता। यह रूप बदलने में माहिर होती हैं।

**धनु राशि-** की महिलाएं फैशन के बढ़ते प्रचलन की परवाह नहीं करती है। यह फैशन को तभी अपनाती है जब अपने परिवेश में वह उस फैशन को लेकर सहज महसूस करे। धनु महिलाएं मेकअप काफी कम करती हैं और यदा-कदा ही गहनों का प्रयोग करती हैं। इस राशि की महिलाएं साधारण, रूढ़ीमुक्त और निरहंकारी होती हैं।

**मकर राशि-**इस राशिकी महिलाओं के लिए स्टेटस और इमेज काफी महत्वपूर्ण होता है। जब ये काम पर नहीं होती है तो इनका स्टाईल काफी सामान्य होता है। पर बहुत ज्यादा केजुअल भी नहीं। इस राशि की महिलाएं पहनावे को सफलता से जोड़कर देखती हैं। ऐसेसरीज और आभूषणों पर इस राशि की महिलाएं काफी खर्च करती हैं।

**कुंभ राशि-** इस राशि की महिलाएं शॉपिंग मॉल से काफी दूर रहती हैं। इसके बजाए यह सस्ते स्टोर से पारंपरिक चीजें खरीदना पसंद करती हैं। ये फैशन फॉलोअर नहीं होती हैं। वहीं करती हैं। उनका अपना व्यक्तिगत स्टाइल होता है। इन्हें वैसे रंग पसंद है जो हल्का हो और बर्बस ही ध्यान खींचते हों। जैसे फिरोजी नीला, गुलाबी और हरा।

**मीन राशि** और फैशन पानी को कभी भी सीमाएं नहीं पसंद, इसी प्रकार मीन राशि वालों को भी बंदिशें नहीं पसंद। वो हमेशा ग्रेसफुल दिखना चाहती हैं। इस राशि की लड़कियों की एक खासियत यह भी होती है कि ये वही कपड़े पहनती हैं, जिसमें वो कंफर्टेबल महसूस करें।

# शादी में जाने की किस प्रकार करें तैयारी



शादी ब्याह का सीजन करीब है। ऐसे में सभी महिलाएं इस सीजन से पहले अपनी खूबसूरती निखारना चाहती हैं। वहीं चेहरे पर पिंपल व ऐक्नें आंखों के नीचे काले घेरे और झुरियां होने के कारण आप संशय में हैं कि इस खास मौके के लिए इतनी जल्दी कैसे तैयार हो पाएंगी या अगर आप बढ़ते वजन के कारण खुद को अलग दिखाने की चाहत पूरी न होनी से परेशान हैं तो कुछ जरूरी बातों पर ध्यान दें। इससे अपनी समस्यें हल जो जाएंगी।

शादी के सीजन में महिलाएं अधिकतर चेहरे की मसाज और फेशियल कराने के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक दिखाई देती हैं। उनके बीच एक आम धारणा रहती है कि ये सब कराने से उन्हें ऐंक्नों से राहत मिल जाएगी पर फेशियल और मसाज कराने से ऐक्नों की टेन्डेंसी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए मसाज और फेशियल से परहेज करें।

त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए सर्दी के मौसम में भी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे चेहरे का ग्लो बना रहता है।

स्किन में साबुन ज्यादा न लगायें। इससे रुखापन आता है।

प्रतिदिन 2 लिटर पानी जरूर पिएं। यह त्वचा की ड्राइनेस और झुरियां दूर करता है।

धूप विटामिन डी का सबसे बड़ा स्रोत है। इसलिए सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच सनबाथ लेना बहुत लाभदायक है। किंतु इसके बाद धूप में जाने से परहेज करें। ऐक्नों की समस्या होने पर लगभग 3 महीने पहले स्किन विशेषज्ञ से मिलें।

खानपान का हमारी त्वचा पर सीधा असर देखने को मिलता है। इसलिए त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए खीरा, गाजर, मूली और नींबू का इस्तेमाल करें। भूख के अनुसार ही समय पर भोजन करें। खूबसूरती निखारने के लिए सुपर फूड, जैसे- बेरीज और एवोकैडो को अपने डायट में शामिल कर सकते हैं। विटामिन ई से भरपूर फूड लेने से त्वचा खूबसूरत बनेगी। सलाद-फल खाएं और काफी मात्रा में पानी पीएं। इससे आपका वजन तो कम होगा ही, साथ ही त्वचा पर ग्लो भी आयेगा।

जंक फूड का सेवन न करें। इसके अलावा योग और पर्याप्त नींद से भी ताजगी आयेगी।

# संतरे का छिलका निखारेगा रंग



संतरा जितना स्वाद में रसीला होता है इसका रस सुंदरता निखारने के लिए उतना ही अच्छा। कई बार (टैनिंग) तेज धूप से त्वचा का रंग काला पड़ना आम समस्या है। विशेषज्ञों का मानना है कि संतरे के इस्तेमाल से रंग काला पड़ने को ठीक किया जा सकता है साथ ही इससे त्वचा का रंग साफ भी होता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए एक बड़ा चम्मच संतरे के छिल्के का पाउडर, एक चुटकी हल्दी, कैलेमाइन पाउडर या चंदन पाउडर और शहद की कुछ बूंदें मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से एक मिनट मलें और इसे पांच मिनट तक लगा रहने दें, फिर इसे पानी से धो लें।

संतरे के रस में सिट्रिक एसिड होता है, जो प्राकृतिक रूप से ब्लीचिंग का काम करता है। अगर आप चाहे तो संतरे के जूस को आइस ट्रे में फ्रीज कर सकती हैं और बाद में फ्रेश लुक के लिए इसे चेहरे पर लगा सकती है।

आप संतरे का गुदा भी चेहरे पर मल सकती हैं। टैनिंग के असर को कम करने के लिए ऐसा नियमित रूप से करें।

संतरे के तत्व से युक्त चेहरे पर लगाए जाने वाले अच्छी कंपनी के सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल करें। संतरे के छिल्के में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है। यह प्राकृतिक क्लिंजर का काम करता है, जबकि शहद त्वचा में निखार लाता है।

# दिवाली उपहार सही तरीके से करायें पैक



दिवाली को आने में बस कुछ दिन ही रह गए हैं। इस दौरान महिलाएं उपहारों की पैकिंग में लग जाती हैं। उपहार छोटा हो या बड़ा पैकिंग सही तरह से होनी चाहिए, ताकि यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सके। कुछ पैकर्स बड़ा डिस्काउंट या कोई ऑफर देकर ग्राहकों को लुभाने की कोशिश करते हैं, पर इनसे ग्राहकों को सावधान रहना चाहिए।

किसी भी पैकर्स और मूवर्स का चयन करते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है, अन्यथा बाद में दिक्कतें हो सकती है। इन सावधानियों से फर्जी पैकर्स से बचा जा सकता है।


पैकर्स और मूवर्स वही होने चाहिए जिन्हें एफआईडीआई से मान्यता मिली हो, बिना मान्यता काम कर रहे लोग जालसाज हो सकते हैं, इसलिए इस बात का ध्यान रखें।

जो मूवर्स और पैकर्स आपका सामान सुरक्षित पहुंचाने के लिए जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या वाहन बीमा की तरह ट्रांजिट बीमा करते हैं, आप उन पर भरोसा कर सकते हैं, ताकि नुकसान होने पर बिना विवाद के स्थिति को संभाला जा सके.।* आप दिवाली पर जिस किसी भी पैकर्स के साथ डील करते हैं, उस डील को लिखित रूप में कराएं और उस पर कंपनी की मोहर लगी हो, तभी विश्वास करें। साथ ही उनके नियम व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और सोच-समझ कर ही कोई कदम उठाएं ताकि भविष्य में कोई दिक्कत आने पर आसानी से उसका सामना किया जा सके।* धोखाधड़ी से बचने के लिए पैकर्स और मूवर्स के बारे में अच्छी तरह से पता जरूर लगा लेना चाहिए। कंपनी की वेबसाईट, पुराने ग्राहकों व जगह के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी हासिल कर लें। इस प्रकार आप कंपनियों की विशेषता के बारे में जान सकते हैं और सही निर्णय ले सकते हैं।

# परंपरागत ज्वैलरी लुक में लगेंगी खास

दिवाली में परंपरागत लुक अपनाएं।इसके लिए कपड़ों के साथ ही परंपरागत ज्वैलरी पहनें। अपनी व्यक्तिगत स्टाइल और तरीके के अनुसार तैयार होना आजकल फैशन में है और पारंपरिक आभूषण आजकल चलन में बने हुए आभूषणों के साथ संयोजन कर पहनने से आपको सबसे अलग अपना स्टाइलिश लुक पाने में सहायता मिलेगी।

इस त्योहार के सीजन में अलग अंदाज में नजर आने के लिए आप गले के लंबे हार के साथ एक कम लंबाई वाला हार और परंपरागत कड़े के साथ कफ्स या चौड़ा ब्रेसलेट पहन सकती हैं। आप ब्रेसलेट के साथ प्रयोग कर सकती हैं।आप स्नेक चेन ब्रेसलेट, बैंगल या लेदर ब्रेसलेट पहन सकती हैं। ये भारतीय और पश्चिमी परिधान दोनों के साथ खूब जमते हैं।



# दिवाली पर ट्राई करें ये खास रेडी-टू-पुट रंगोली, घर की सुंदरता में लगा देगी चार चांद

दिवाली आते ही घरों में सफाई, सजावट और मिठाइयों की खुशबू फैल जाती है, लेकिन किसी भी घर की असली रौनक तब दिखती है जब दरवाजे पर खूबसूरत रंगोली बनती है. कहते हैं कि रंगोली बनाना न केवल सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि ये शुभता और सकारात्मक ऊर्जा भी लाती है. अगर आप भी इस बार दिवाली पर कुछ नया और आसान ट्राई करना चाहते हैं, तो रेडीमेड रंगोली आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है.

क्या है रेडीमेड रंगोली?: रेडीमेड रंगोली एक ऐसी क्रिएटिव डेकोरेशन है जो पारंपरिक रंगोली जैसी ही दिखती है, लेकिन इसे बनाने में न तो ज्यादा वक्त लगता है और न गंदगी होती है. ये प्लास्टिक शीट पर बनाई जाती है, जिस पर पहले डिज़ाइन ट्रेस किया जाता है और फिर गोंद व रंगोली पाउडर की मदद से इसे सजाया जाता है. बाजार में छोटी रेडीमेड रंगोली 40 रुपये में मिल जाती है, जबकि बड़ी और डिजाइनर रंगोली की कीमत 100 से 200 रुपये तक होती है. अच्छी बात ये है कि इसे आप 2-3 साल तक रीयूज भी कर सकते हैं.



क्यों करें रेडीमेड रंगोली का इस्तेमाल? : अगर आप कामकाजी हैं या फिर समय की कमी में हैं, तो रेडीमेड रंगोली आपके घर को मिनटों में त्योहार जैसा बना देगी. इसे पूजा स्थल या लिविंग रूम के कोने में रखिए और बस...आपका घर जगमगाता नज़र आएगा. इसका एक और फायदा है..सफाई के बाद दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे खर्च भी कम और मेहनत भी बचती है. दिवाली सजावट में नया ट्रेंड: आजकल सोशल मीडिया पर भी लोग के आइडिया शेयर कर रहे हैं. आप चाहे तो बच्चों के साथ मिलकर इसे बना सकते हैं...ये न सिर्फ एक फैमिली एक्टिविटी बन जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जडेजा के कारण मिली सफलता: कुलदीप

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 8 विकेट लेने वाले स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को दिया है। कुलदीप ने कहा, यह बिल्कुल अलग विकेट था। यहां ज्यादा ओवर डालना एक चुनौती थी, मुझे यहां गेंदबाजी करने में मजा आया। मैंने पहले टेस्ट मैचों में भी कुछ विकेट लेने का आनंद लिया था। उनका जडेजा साथ होना बहुत अच्छा है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमेशा मुश्किल हालातों में मेरा मार्गदर्शन किया है और मुझे सलाह दी है। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

### 16 साल के बाद पहली बार पांचवें दिन तक खेली वेस्टइंडीज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के साथ ही सीरीज 2-0 से अपने नाम की है। भारतीय टीम ने पांचवें दिन पहले ही सत्र में 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। वेस्टइंडीज भारत में नवंबर 2011 के बाद से ही कोई टेस्ट मैच 5वें दिन तक पहली बार ले जा पायी है। इसका कारण टीम का लगातार कमजोर होना है। वहीं इससे पहले अहमदाबाद में पहला टेस्ट भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत लिया था। वहीं इस दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज ने अपेक्षाकृत अच्छी बल्लेबाजी कर मुकाबला पांचवे दिन तक खींचा। वहीं भारतीय टीम ने मैच पहले ही समाप्त करने के लिए उसे फॉलोआन दिया था।

### जब टीम में जगह नहीं मिलने पर भड़क गये थे सहवाग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रहे वीरेंद्र सहवाग के लिए साल 2008 काफी खराब रहा है। तब ऑस्ट्रेलिया दौरे में उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल रही थी। जिससे वह टीम के कोच गैरी क्रिस्टन और कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर भड़क गये थे और यहां तक कहा था कि मैं यहां पानी पिलाने नहीं आया हूं। अंतिम ग्यारह में नहीं रखना है तो मुझे बाहर कर किसी अन्य को अवसर दो। सहवाग ने स्वयं एक शो में ये बात बतायी है। सहवाग के लिए साल 2008 बेहद खराब रहा था।

## गिल ने की ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस की बराबरी, सिराज साल के टॉप विकेट टेकर

# भारत के नाम 2025 में सबसे ज्यादा जीत



### टेस्ट में इस साल के टॉप बैटर्स

| प्लेयर | टीम | मैच | रन |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 8 | 979 |
| केएल राहुल | भारत | 8 | 745 |
| यशस्वी जायसवाल | भारत | 8 | 662 |
| रवींद्र जडेजा | भारत | 8 | 659 |
| सीन विलियम्स | जिम्बाब्वे | 8 | 648 |

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली है। टीम ने दिल्ली टेस्ट में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया। टीम इंडिया इस जीत के साथ 2025 में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच (तीनों फॉर्मेट मिलाकर) जीतने वाली टीम बन गई। टीम की यह 23वीं जीत है। वहीं, शुभमन गिल की कप्तानी में इस साल भारत ने चौथा टेस्ट मैच जीता है।

1. 2025 में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में मिली जीत 2025 में इंटरनेशल क्रिकेट में भारत की 23वीं जीत है। टीम इंडिया ने इसके साथ ही न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ दिया है। न्यूजीलैंड ने इस साल 22 मैचों में जीत हासिल की है। भारत ने इस साल टेस्ट क्रिकेट में 4, वनडे में 8 और टी-20 में 11 मैच जीते हैं। टी-20 में भारत ने 11 में से एक मैच सुपर ओवर में जीता।

2. शुभमन गिल ने की पैट कमिंस की बराबरी शुभमन गिल की कप्तानी में इस साल भारतीय टीम ने चौथा टेस्ट मैच जीता है। गिल अब 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाले कप्तानों की लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस की बराबरी पर आ गए हैं। कमिंस ने इस साल 5 टेस्ट में कप्तानी की है और 4 में उनकी टीम जीती। गिल ने 2025 में 7 टेस्ट में कप्तानी की और चौथी जीत हासिल की। गिल की कप्तानी में भारत 2 टेस्ट मैच हारा है और 1 मैच ड्रॉ रहा है।

3. सिराज बने 2025 के टॉप विकेट टेकर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 2025 में टेस्ट क्रिकेट के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 3 विकेट लिए। अब उनके नाम 2025 में 8 टेस्ट मैचों में 37 विकेट हो गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी को पीछे छोड़ा है। मुजारबानी ने इस साल 9 टेस्ट में 36 विकेट लिए हैं।

4. बल्लेबाजी में शुभमन गिल पहले से टॉप पर भारत के शुभमन गिल 2025 के ज्यादा रन बनाने वाले टेस्ट बैटर्स की लिस्ट में पहले से नंबर-1 हैं। इस साल गिल के 8 टेस्ट मैचों से 966 रन हो गए हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद केएल राहुल के नाम 8 टेस्ट में 687 रन हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर भी भारतीय खिलाड़ी रवींद्र जडेजा और यशस्वी जायसवाल हैं।

5. घर में हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ज्यादा जीत भारत ने अपने घर में वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट में 15वीं बार हराया है। अब भारत ने घरेलू मैदानों पर हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ज्यादा जीत और कम हार का रिकॉर्ड बना लिया है। भारत से पहले यह रिकॉर्ड सिर्फ ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के नाम है।

6. कैम्पबेल-होप ने 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा भारत में टेस्ट क्रिकेट में तीसरे विकेट के लिए वेस्टइंडीज की सबसे बड़ी साझेदारी जॉन कैम्पबेल और शाई होप के नाम हो गई है। दिल्ली में कैम्पबेल और होप ने 177 रन जोड़े। उन्होंने 14 साल पुराना डैरेन ब्रावो और किर्क एडवर्ड्स के रिकॉर्ड को तोड़ा। दोनों ने 2011 वानखेड़े स्टेडियम में 164 रनों की साझेदारी की थी।

7. होप का 58 इनिंग के बाद शतक वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शाई होप ने दो टेस्ट शतकों के बीच सबसे लंबा इंतजार करने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। होप ने 2017 से 2025 के बीच अपने दो शतकों के बीच 58 पारियां खेलीं, जो वेस्टइंडीज के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा अंतर है।



### पर्वतारोही भरत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, 8000 मीटर ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ने वाले पहले भारतीय बने

**कोलकाता, निप्र।** भरत मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट चो ओयू (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। भरत मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट चो ओयू (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्तूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8,000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं। बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।

## निलाक्षी और कप्तान अटापट्टू की फिफ्टी, न्यूजीलैंड से सोफी डिवाइन को 3 विकेट

# विमेंस वर्ल्डकप-श्रीलंका ने 259 रन का टारगेट दिया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के 15वें मैच में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 259 रन का टारगेट दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बैटिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 258 रन बना दिए। कप्तान चमारी अटापट्टू ने 53 और निलाक्षी डि सिल्वा ने 55 रन बनाए।

श्रीलंका की मजबूत शुरुआत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका को ओपनर्स ने मजबूत शुरुआत दिलाई। विष्मी गुणारत्ने और कप्तान चमारी अटापट्टू ने 101 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। अटापट्टू 53 और गुणारत्ने 42 रन बनाकर आउट हुईं। नंबर-3 पर उतरीं हसिनी परेरा ने फिर हर्षिता समरविक्रमा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। निलाक्षी की फास्टेस्ट फिफ्टी हर्षिता 26 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद कविशा दिलहारी 4 और हसिनी 44 रन बनाकर आउट हो गईं। टीम ने 198 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए। 5 विकेट गिर जाने के बाद निलाक्षी डी सिल्वा ने तेज बैटिंग की। उनके सामने



पियूमि वाथसाला बादल्गे 15 गेंद पर 7 रन बनाकर आउट हुईं। विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी ने 6 गेंद पर 6 रन बनाए।

निलाक्षी ने महज 26 गेंद पर फिफ्टी लगाई और टीम को 258 रन तक पहुंचा दिया। वे 55 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। निलाक्षी ने टूर्नामेंट में सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने बांग्लादेश की शोरना अख्तर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 34 गेंद पर अर्धशतक लगाया था। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने 3 और ब्री लिंग ने 2 विकेट लिए। रोजमैरी मेयर को 1 विकेट मिला। ईडन कार्सन, जेस कर और अमीलिया कर कोई विकेट नहीं ले सकीं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11 न्यूजीलैंड:** सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर, अमीलिया केर, सोफी डिवाइन (कप्तान), ब्रूक हालिडे, मैडी ग्रीन, इजाबेला गैज (विकेट कीपर), जेस केर, ईडन कार्सन, रोजमैरी मैयर और ब्री लिंग।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, विश्मी गुणारत्ने, कविशा दिलहारी, निलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), माल्की मदारा, सुगंधिका कुमारी, पियूमि वाथसाला बादल्गे और इनोका राणावीरा। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड का दबदबा न्यूजीलैंड और श्रीलंका की विमेंस टीमों के बीच अब तक कुल 16 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से ज्यादातर मैचों में न्यूजीलैंड का दबदबा रहा। टीम ने 13 मैच जीते। वहीं, श्रीलंका को केवल 2 मुकाबलों में जीत मिली। जबकि एक मैच का फैसला नहीं हो सका। वनडे वर्ल्ड कप में दोनों का 5 बार सामना हुआ, हर बार न्यूजीलैंड को जीत मिली।

# 2026 फीफा विश्व कप के लिए अब तक 22 टीमों ने किया क्वालिफाई

**लंदन ■ एजेंसी**

कुल छह टीमें इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में भिड़ेंगी, जिनमें से दो टीमें विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह प्लेऑफ मार्च 2026 में आयोजित होने की संभावना है।

फीफा विश्व कप 2026 एक ऐतिहासिक टूर्नामेंट बनने जा रहा है क्योंकि इसमें रिकॉर्ड 48 टीमें हिस्सा लेंगी। यह विश्व कप संयुक्त रूप से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा द्वारा आयोजित किया जाएगा। तीनों मेजबान देशों को अपने-आप टूर्नामेंट में जगह मिल गई है।

अफ्रीका से छह टीमें सुनिश्चित: अफ्रीकी महाद्वीप से अब तक छह देशों ने क्वालिफाई किया है। सोमवार को केप वर्डे ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के लिए जगह बनाई। इसके साथ अफ्रीका जो टीमें अब तक क्वालिफाई कर चुकी हैं, उनमें अल्जीरिया, मिस्र, घाना, मोरक्को, ट्यूनीशिया और केप वर्डे शामिल हैं। यह पहली बार है जब केप वर्डे विश्व कप में दिखाई देगा, जो अफ्रीकी फुटबॉल के



लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

एशिया से छह देशों की एंट्री: एशियाई महाद्वीप से अब तक छह टीमों ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, दक्षिण कोरिया और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। एशिया को कुल आठ सीधे स्थान मिले हैं, जबकि एक टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ के जरिए अपनी जगह बनाएगी।

यूरोप को सबसे ज्यादा स्थान: फुटबॉल की सबसे मजबूत महाद्वीप यूरोप को इस बार 16 टीमों का सीधा कोटा मिला है। हालांकि अभी यूरोप की क्वालिफाइंग प्रक्रिया जारी है, लेकिन यह निश्चित है कि 16 यूरोपीय टीमें 2026 विश्व कप में हिस्सा लेंगी।

दक्षिण अमेरिका की ताकत बरकरार

दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र से अब तक की छह बड़ी टीमें विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। इनमें अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पैराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं। इस महाद्वीप को छह सीधे स्थान मिले हैं, जबकि एक टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में जाएगी।

उत्तरी और मध्य अमेरिका की स्थिति: उत्तरी और मध्य अमेरिकी क्षेत्र को तीन सीधे स्थान मिले हैं। इसके अलावा तीन मेजबान देश- अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा पहले से ही क्वालिफाई कर चुके हैं। इस क्षेत्र की दो और टीमें इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेंगी।

ओशिनिया से न्यूजीलैंड को मिला टिकट: ओशिनिया फुटबॉल कॉन्फेडरेशन को पहली बार विश्व कप में गारंटीड स्थान मिला है। मार्च में न्यूजीलैंड ने यह स्लॉट पक्का कर लिया था।

## व्यापार समाचार

### गूगल विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करेगी

**नई दिल्ली।** इंटरनेट सर्च इंजन कंपनी गूगल अगले पांच वर्ष में विशाखापत्तनम में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक कार्यक्रम में गूगल क्लाउड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह नया एआई केंद्रज एआई बुनियादी ढांचे, नई डेटा सेंटर क्षमता, बड़े ऊर्जा स्रोतों एवं विस्तारित ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को एकीकृत करेगा। उन्होंने कहा कि हम विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करने के लिए अगले पांच वर्ष में 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में निवेशकों की संख्या में 10 गुना बढ़ोतरी

**मुंबई।** पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर निवेशक आधार में 10 गुना वृद्धि दर्ज की है। 2015 में जहां यह संख्या 65,000 थी, वहीं 2025 में यह बढ़कर 6.51 लाख हो गई है। यह वृद्धि देश की औसत वृद्धि (6.2 गुना) से कहीं अधिक है। एनएसई के एक अधिकारी ने इसे औपचारिक वित्तीय प्रणाली में बढ़ते विश्वास और युवाओं की सक्रिय भागीदारी का परिणाम बताया। एनएसई के अनुसार, महिला निवेशकों की भागीदारी जम्मू-कश्मीर में 25 फीसदी है।

## फॉक्सकॉन भारत में 15,000 करोड़ का करेगी निवेश

# बैंक ऑफ बड़ौदा समेत तीन बैंकों ने घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

आरबीआई के कर्ज पर ब्याज दरों को यथावत रखने के बावजूद इस महीने तीन बैंकों ने कर्ज पर ब्याज दर घटा दिया है। इनमें इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और आईडीबीआई बैंक हैं। बैंक ऑफ बड़ोदा ने एक महीने के कर्ज की दरें 7.95 फीसदी से घटाकर 7.90 फीसदी कर दी है। 6 माह की दर 8.65 से घटकर 8.60 फीसदी और एक साल की दर 8.80 फीसदी से घटकर 8.75 फीसदी पर आ गई है। नई दरें 12 अक्तूबर से लागू हैं।

आईडीबीआई बैंक ने भी एक महीने के कर्ज की दरें 8.20 फीसदी से कम करके 8.15 फीसदी कर दी है। एक रात के कर्ज की दर अब 8 फीसदी होगी जो पहले 8.05 फीसदी थी। नई दर 12 अक्तूबर से लागू है। इसी तरह से इंडियन बैंक ने भी 3 अक्तूबर से कर्ज पर दरों को कम कर दिया है। एक रात की दर अब 8.05 से घटकर 7.95 फीसदी हो जाएगी। एक महीने की दर 8.30 फीसदी से कम होकर 8.25 फीसदी हो गई है।




फॉक्सकॉन भारत में 15,000 करोड़ का करेगी निवेश, 14,000 इंजीनियरों को मिलेगी नौकरी

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाई देने और अपने अगले चरण के विस्तार के लिए फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी समूह तमिलनाडु में करीब 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह राज्य की निजी क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी निवेश डील मानी जा रही है। ?इससे उच्च-मूल्य वाली 14,000 इंजीनियरिंग नौकरियों का सृजन होगा। एक सूत्र ने बताया, यह निवेश तमिलनाडु में कई स्थानों पर किया जाएगा। 15,000 करोड़ रुपये का यह निवेश मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उन्नत तकनीकी संचालन, मूल्यवर्धित विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास एकीकरण पर केंद्रित होगा। यह निवेश भारत को लेकर लगातार बढ़ते भरोसे और सरकार की मेक इन इंडिया नीति के प्रति फॉक्सकॉन समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्यूरो

देश में पहली बार बनेगा फॉक्सकॉन डेस्क, तेजी से होगा काम: तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने कहा, फॉक्सकॉन के भारत प्रतिनिधि रॉबर्ट वू ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। साथ ही, तमिलनाडु की इन्वेस्टमेंट एजेंसी 'गाइडेंस' भारत में पहली बार फॉक्सकॉन डेस्क बनाएगी, जो काम को आसान और तेज करेगा। इस निवेश से स्थानीय एमएसएमई और स्टार्टअप को आपूर्ति श्रृंखला में जुड़ने के अवसर मिलेंगे। वहीं, रॉबर्ट ने कहा, बेहतर इन्फ्रा और व्यापार में आसानी तमिलनाडु को फॉक्सकॉन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाती है।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड में खोला पहला शोरूम

**मुंबई/ऑकलैंड।** जिम्मेदार ज्वेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड के बाज़ार में अपने कारोबार का विस्तार करते हुए ऑकलैंड के बॉटनी टाउन सेंटर में अपना पहला शोरूम खोल दिया है। इस उद्घाटन के साथ, कंपनी ने 14 देशों में अपनी मजबूत वैश्विक उपस्थिति सुनिश्चित कर ली है। न्यूजीलैंड के मंत्री मार्क मिशेल ने शोरूम का उद्घाटन किया, जिसमें मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद और इंटरनेशनल ऑपरेशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर शामलाल अहमद सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

कमांक/779/रीडर-1/ बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

(उद्घोषणा)
(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम **मरखेडा टप्पा सूनेहरा** प.ह.नं. 24 ग्राम पंचायत **मरखेड़ा टप्पा** तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा -4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी ।

अतः एतद्द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाषन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पष्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं
वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग बेगमगंज

G20058/25

### सितंबर में थोक मुद्रास्फीति घटकर 0.13 फीसदी पर पहुंची सब्जियों की कीमतों में 24 फीसदी से अधिक गिरावट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

पिछले महिने सितंबर में भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति घटकर 0.13 प्रतिशत पर आ गई है। यह कमी मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, ईंधन और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में आई नरमी के कारण दर्ज की गई। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह पिछले वर्ष के सितंबर में दर्ज 1.91 प्रतिशत की तुलना में काफी कम है। अगस्त 2025 में थोक महंगाई दर 0.52 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.06 प्रतिशत थी। खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में 24.41 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई, जबकि अगस्त में यह गिरावट 14.18 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर भी घटकर 2.33 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले महीने 2.55 प्रतिशत थी। वहीं ईंधन और बिजली की कीमतों में 2.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई, जबकि अगस्त में इसमें 3.17 प्रतिशत की कमी आई थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नज़र रखता है। अक्टूबर की शुरुआत में आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दर को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखा। इसी बीच सोमवार को जारी एक अन्य आंकड़े के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर 1.5 प्रतिशत पर आ गई है, जो आठ वर्षों में सबसे निचला स्तर है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

कमांक/813/रीडर-1/ बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

(उद्घोषणा)
(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम **मबई पश्चिम** प.ह.नं. 41 ग्राम पंचायत **मबई** तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा -4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी ।

अतः एतद्द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाषन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पष्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं
वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग बेगमगंज

G20033/25

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

कमांक/764/रीडर-1/ बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

(उद्घोषणा)
(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम **बरेली पूर्व** प.ह.नं. 41 ग्राम पंचायत **मबई** तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा -4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 28.08.1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबंधी अधिकार, उत्खनन संबंधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी ।

अतः एतद्द्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाषन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्व आदि बावत् प्रमाणों, दस्तावेजों सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करें तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पष्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं
वन व्यवस्थापन अधिकारी
अनुभाग बेगमगंज

G20026/25

### अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने सिलवानी में आयोजित खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

रायसेन ■ निसं




प्रति मंगलवार को सिलवानी में आयोजित होने वाली खण्ड स्तरीय जनसुनवाई इस बार आवेदकों के लिए खास रही। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा स्वयं उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचे और आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए निराकरण किया। उन्होंने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और संबंधित अधिकारी को समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।

साथ ही निराकरण उपरांत अवगत कराने के भी निर्देश दिए। प्रायः जनसुनवाई दोपहर 01 बजे तक आयोजित होती है, लेकिन कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा दोपहर ढाई बजे तक जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे, सहायक कलेक्टर श्री कुलदीप पटेल भी साथ रहे।

सिलवानी तहसील प्रांगण में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि खण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक और शीघ्र निराकरण किया जाए, जिससे कि उन्हें समस्या के समाधान हेतु जिला मुख्यालय पर आने के लिए परेशान ना होना पड़े। जनसुनवाई में 300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में सिलवानी एसडीएम श्री हर्षिल चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं के निदान हेतु आयोजित हुई बैठक

# अधिकारियों को शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश

### किसान संघ के पदाधिकारियों ने समस्याओं से कराया अवगत



**विदिशा, निप्र।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा किसानों से संबंधित परेशानियां के निराकरण के लिए विशेष पहल करते हुए आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें किसान संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा तहसीलदार को अपने-अपने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारियों व समस्याओं को बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्याएं ना आने पाए यह हम सब का नैतिक दायित्व है।

इस बैठक में किसान संघ के पदाधिकारियों ने तहसील वार अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र की नहरों की साफ-सफाई और टूट-फूट की मरम्मत कार्यों से अवगत कराया इस बिंदु पर मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को नहरों की साफ-सफाई और टूट की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खाद वितरण से संबंधित समस्याओं, फसल सर्वे, खराब हुई फसलों का मुआवजा और बीमा राशि दिलाए जाने, शासकीय रास्तों पर हुए अतिक्रमण को हटवाने, किसानों को दिन में 12 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने, बिजली के खंबो से खेतों में लटक रहे तारों को व्यवस्थित करने, बेसहारा मवेशियों को गौशालाओं में शिफ्ट कराने ताकि किसने की फैसले खराब होने से बच सकें और बीज प्रदाय योजना की सब्सिडी समय पर दिलाने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया।

# टैरिफ नीति पर शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

विदिशा ■ निसं



राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा में टैरिफ का अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों पर प्रभाव'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रैम्प अपनी नीतियों से पूरे विश्व में टैरिफ आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं और इसका प्रभाव द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर पड़ रहा है। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय संगठनों का जन्म हो रहा है। टैरिफ के कारण विश्व व्यापार संगठन महत्वहीन होता जा रहा है और वैश्विक राजनीति जो बहुध्रुवीय थी वह पुनः द्विध्रुवीय होने जा रही है। वर्तमान टैरिफ नीति भविष्य की दिशा निर्धारित करेगी।

इस वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े भोपाल नर्मदापुरम संभाग उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद ने बताया कि इस तरह के ज्वलंत मुद्दे पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जाना सराहनीय है और इस वेबिनार का मैसेज छात्राओं के माध्यम से घर घर तक पहुंचना चाहिए। पहले विषय विशेषज्ञ के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के सह प्राध्यापक डॉ. एके साहू ने संक्षेप में टैरिफ के इतिहास को बताया। उन्होंने अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर को समझाया और कहा कि टैरिफ के कारण राष्ट्रों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंध और जटिल हो गए हैं। उन्होंने टैरिफ के कारण विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ने वाले प्रभावों की भी चर्चा की।

दूसरे विषय विशेषज्ञ के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से जुड़े सहायक प्राध्यापक डॉ. भानू प्रताप सिंह ने बताया कि टैरिफ के कारण ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित होगी। उन्होंने भारत के लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्योगों पर टैरिफ के कारण पड़ने वाले प्रभाव को बताया और भारत सरकार के द्वारा टैरिफ के प्रतिकर में अपनायी जा रही नीतियों की चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका के सामने भारत ने घुटने नहीं टेकें हैं , यह दिखाता है कि भारत अपनी संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं कर सकता है , किसी के दबाव में अपने वैश्विक संबंधों का निर्वहन नहीं करेगा।

अंतिम वक्ता के रूप में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित शासकीय पीजी महाविद्यालय दमोह के प्राध्यापक रश्मि जेता ने टैरिफ के करण विभिन्न सेक्टर में पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा की।

### मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्य का करेंगे निरीक्षण

# मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर प्रेक्षक अजातशत्रु श्रीवास्तव सेवानिवृत्त आईएएस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

रायसेन ■ निसं



मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण-2025 की कार्यवाही के प्रेक्षण हेतु सेवानिवृत्त आईएएस श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव मो.न. 9926240266 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को प्रेक्षक श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा रायसेन नगर में विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वार्षिक पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने रायसेन में वार्ड क्रमांक-04 कलेक्ट्रेट कॉलोनी स्थित शासकीय हाईस्कूल भवन परिसर में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक- 07, 08, 09 तथा 11 का भ्रमण कर बीएलओ से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। प्रेक्षक श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा केन्द्रवार बीएलओ से मतदाताओं की संख्यात्मक जानकारी लेने के साथ ही मतदाता सूचियों के एक-एक पृष्ठ का अवलोकन किया गया। उन्होंने केन्द्रवार बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन या संशोधन हेतु अभी तक प्राप्त दावा-आपत्तियों की जानकारी लेते हुए कहा कि मतदाता का नाम सूची में एक ही जगह दर्ज हो। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारियों से पुनरीक्षण कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन घरों में मतदाताओं की संख्या अधिक है, उनका सत्यापन किया जाए। प्रेक्षक अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यवाही का निरीक्षण किया जाएगा। प्रेक्षक के सहयोग हेतु भुवन मोर्हरिर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मो.न. 9584800134 को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित।: संपादक- डी.पी.गोयल ।मो.9827054436, 9826735596.भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।

